

हिन्दी दैनिक

पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ

www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम



पटना, शुक्रवार | 31 जनवरी 2025 | वर्ष : 03 अंक : 30 | पृष्ठ - 12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### भगवंत मान के घर पर हुई छापेमारी? अअढ के आरोपों पर आया दिल्ली पुलिस का बयान



एजेंसी

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली पुलिस को लेकर एक बड़ा आरोप लगाया है। आप का कहना है कि दिल्ली पुलिस की एक टीम पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के राजधानी स्थित आवास पर छापेमारी करने पहुंची है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक्स पर आक्रोश व्यक्त किया और दिल्ली पुलिस पर भाजपा द्वारा कथित कदाचार को नजरअंदाज करते हुए एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को गलत तरीके से निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर छापेमारी करने पहुंची है। आतिशी ने पोस्ट में कहा कि भाजपा के लोग खुलेआम दिन के उजाले में पैसे, जूते और चादरें बांट रहे हैं - फिर भी, इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इसके बजाय, उन्होंने एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के आवास पर छापा मारने का विकल्प चुना है। आप के वरिष्ठ नेता ने भी भाजपा की आलोचना की और कहा कि दिल्ली के लोग शहर में आगामी विधानसभा चुनाव के दिन 5 फरवरी को इस तरह के कार्यों का जवाब देंगे।

# US Plane Crash:: विमान-हेलीकॉप्टर में भीषण टक्कर से दहला वाशिंगटन डीसी, सभी 67 यात्रियों की मौत

**नदी से दो शवों को भी बाहर निकाला गया और सर्च व रेस्क्यू ऑपरेशन भी जारी है। ये हादसा उस समय पर हुआ जब प्लेन एयरपोर्ट पर लैंड करने के लिए जा रहा था। तभी आसमान से आ रहे अमेरिकी सेना के ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर से टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों क्रैश होकर पोटोमैक नदी में जा गिरे।**

एजेंसी

**वाशिंगटन:** वाशिंगटन डीसी के रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास अमेरिकी एयरलाइंस के विमान और यूएस आर्मी के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के टकराने से बड़ा हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 64 यात्रियों की मौत हो गई। इस हादसे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुख व्यक्त किया है।

**विमान में 60 यात्री और 4 क्रू मेंबर थे सवार**

अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 5342 कंसास के विचिटा के लिए रवाना हुई थी, हादसे का शिकार हो गई। इस विमान में कुल 60 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। विमान जैसे ही एयरपोर्ट पर लैंड करने वाला था, तभी ट्रेनिंग मिशन पर गए ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। इस हेलीकॉप्टर में तीन अमेरिकी सैनिक सवार थे, जिनकी मौत की पुष्टि हो चुकी है।

**हादसे के बाद कई उड़ानों को किया गया डायवर्ट**

यह हादसा उस समय हुआ, जब एयरपोर्ट से कुल 858 उड़ानों का संचालन किया जा रहा था। दुर्घटना के बाद 19 विमानों को पास के डलेस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया।





**राष्ट्रपति ट्रंप ने जताया दुख**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, "मैं इस दर्दनाक हादसे से पूरी तरह अवगत हूं। भगवान सभी मृतकों की आत्मा को शांति दे। अमेरिका के मध्य अटलांटिक क्षेत्र की एक प्रमुख नदी है। ये पश्चिम वर्जीनिया में पोटोमैक हाइलैंड्स से मैरीलैंड में चेसापीक खाड़ी तक पहती है। पोटोमैक नदी 405 मील लंबी है। ये यूएस की 21वीं सबसे बड़ी नदी है। इसके वाटरशेड में 50 लाख से अधिक लोग रहते हैं। इस नदी में बच पाना न के बराबर है। नदी का पातमान इतना कम है कि कोई तैर कर पानी से बाहर नहीं आ सकता।

**1982 में भी हुआ था ऐसा ही हादसा, 78 लोगों की हुई थी मौत**

उड़ानों पर नजर रखने वाली साइट के अनुसार, विमान ने नए रनवे पर जाने के लिए अपना मार्ग बदला। दुर्घटना से 30 सेकंड से भी कम समय पहले एक हवाई यातायात नियंत्रक ने हेलीकॉप्टर से पूछा कि क्या उसे विमान आता दिखाई दे रहा है। नियंत्रक ने कुछ ही क्षणों बाद हेलीकॉप्टर को एक और रेडियो कॉल करके कहा कि पीएटी 25, सीआरजे के पीछे से गुजरे। उसके कुछ सेकंड बाद दोनों विमान टकरा गए।

वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार नदी के पानी का तापमान लगभग 35 से 36 डिग्री फारेनहाइट यानी कि -1.11111 सेल्सियस के आसपास है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई इस भयावह दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। उन्होंने हादसे में मारे गए यात्रियों के संदर्भ में कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

# महाकुंभ के सेक्टर 22 के बाहर लगी आग में 15 टेंट जले, कोई जनहानि नहीं





एजेंसी

**उत्तर प्रदेश:** महाकुंभ मेले में सेक्टर 22 के बाहरी क्षेत्र में चमनगंज चौकी के पास बृहस्पतिवार को एक टेंट में आग लग गई और इसकी चपेट में आकर 15 टेंट जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर 22 के बाहर चमनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में आज दोपहर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसपर तत्काल कार्रवाई करते हुए आग को बुझाया गया। उन्होंने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने के लिए मार्ग नहीं होने से दमकल की गाड़ियों को आने में दिक्कत हुई। हालांकि आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई और ना ही कोई घायल हुआ। शर्मा ने बताया, उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के मुताबिक, यह टेंट अनधिकृत तौर पर लगाया था। इस आग में 15 टेंट जल गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**शर्मा ने बताया, उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के मुताबिक, यह टेंट अनधिकृत तौर पर लगाया था। इस आग में 15 टेंट जल गए।**

शर्मा ने बताया, उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के मुताबिक, यह टेंट अनधिकृत तौर पर लगाया था। इस आग में 15 टेंट जल गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे: फडणवीस



एजेंसी

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 23 फरवरी को यहां आयोजित होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

फडणवीस ने यहां पुराने महाराष्ट्र सदन में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के शिविर कार्यालय के उद्घाटन के बाद ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने पर सहमति जताई है, जो 1960 में महाराष्ट्र राज्य के निर्माण के बाद पहली बार राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। दुनिया भर के मराठी साहित्यकारों का यह वार्षिक सम्मेलन आखिरी बार 1954 में दिल्ली में आयोजित किया गया था और उस समय प्रख्यात संस्कृत विद्वान लक्ष्मण शास्त्री जोशी सम्मेलन के अध्यक्ष थे। सम्मेलन का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था। लेखिका और लोक संस्कृति शोधकर्ता तारा भवालकर को सम्मेलन के 98वें संस्करण का अध्यक्ष चुना गया है,

# चिराग पासवान की लोजपा-आर ने बजट में मोदी से मांगा बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज

एजेंसी

**पटना:** चिराग पासवान की पार्टी लोजपा-आर ने नरेंद्र मोदी सरकार से केंद्रीय बजट 2025 में बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग की है। गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में पार्टी की ओर से यह मांग उठाई गई।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-आर) ने नरेंद्र मोदी सरकार के बजट 2025 में बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग की है। केंद्रीय बजट से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक नई दिल्ली में गुरुवार को हुई। इसमें लोजपा-आर के सांसद अरुण भारती ने बिहार में उद्योग-धंधों को गति देने के लिए एक



विशेष पैकेज केंद्र सरकार की ओर से दिए जाने की मांग उठाई। लोजपा-आर सांसद एवं चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती ने सर्वदलीय बैठक में पार्टी का पक्ष रखा। उन्होंने बिहार में प्रति व्यक्ति आय के राष्ट्रीय औसत के मुकाबले बहुत कम होने पर चिंता जताई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता मांगी गई है। इसके अलावा लोजपा-आर ने चयन के लिए फिट नहीं होने के कारण आरक्षित श्रेणी की नौकरियों में वैकेंसी बढ़ाने के मुद्दे को भी उठाया। सांसद ने कहा कि सरकार को समयबद्ध तरीके से रिक्तियों को भरने के लिए एक कानून लाना चाहिए।

# बिहार में 730.59 करोड़ की दो रेल लाइन परियोजनाओं पर जल्द शुरू होगा काम



एजेंसी

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलने के बाद कहा कि बिहार में बिहटा - औरंगाबाद और सुल्तानगंज - देवघर रेलवे लाइन के निर्माण की कुल 730.59 करोड़ रुपये से अधिक लागत की दो परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू होगा। चौधरी ने कहा कि 290 करोड़ की लागत से सुल्तानगंज -देवघर के बीच नयी रेल लाइन (78.08 किमी) बनने से श्रावणी मेले में जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम होगी। इस रेलवे लाइन के चालू होने पर सुल्तानगंज, असरगंज, तारापुर, बेलहर और देवघर के लोग सीधे रेल सम्पर्क से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अनुग्रह नारायण रोड से औरंगाबाद (12.90 किलोमीटर) नई रेल लाइन के लिए 440.59 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर चुकी है।

# छतरपुर विधानसभी सीट पर तंवर 52 तंवर, जानिए किस पार्टी का पलड़ा भारी



एजेंसी

नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में छतरपुर विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है। तो वहीं कांग्रेस पार्टी भी अपने पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटें और इन सभी सीटों पर 05 फरवरी को मतदान होना है। वहीं चुनावी नतीजे 08 फरवरी घोषित किए जाएंगे। बता दें कि छतरपुर विधानसभा सीट पर इस बार भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला है। इस सीट पर वर्तमान समय में आम आदमी पार्टी का कब्जा है। आप ने इस बार भाजपा का दामन छोड़कर पार्टी में शामिल हुए ब्रह्म सिंह तंवर को अपना प्रत्याशी बनाया है। तो वहीं भाजपा ने आप के पूर्व विधायक करतार सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से राजेंद्र सिंग तंवर चुनाव मैदान में उतरे हैं। इस सीट के इतिहास की बात करें, तो यह साल 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई थी।




## कांग्रेस सांसद मनोज कुमार पर हमला जंगलराज की देन, अविलंब हो गिरफ्तारी: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

■ बिहार में जंगलराज, विपक्षी सांसद भी असुरक्षित, दोषियों की हो अविलंब गिरफ्तारी

पटना. गुरुवार, 30 जनवरी, 2025 सासाराम सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद मनोज कुमार पर कैमूर जिले के कुदरा प्रखंड के नाथूपुर गांव में हुए जानलेवा हमले पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने गहरा क्षोभ जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य में जंगलराज है और पुलिस प्रशासन का इकबाल खत्म हो चुका है।बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने सांसद मनोज राम पर हुए कातिलाना हमला करने वाले अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी और कठोरतम सजा की मांग की है।उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने मनबढ़ अपराधियों ने हमारे सांसद पर हमला किया है और लाठी डंडे लेकर जिस प्रकार गैंग बनाकर हमला किया वो निंदनीय ही नहीं बेहद शर्मनाक है। राज्य की सरकार से पुलिस प्रशासन नहीं संभल रहा है। जब सूबे के जनप्रतिनिधियों के साथ ऐसी स्थिति हो जा रही है तो आम आदमी की स्थिति इस राज्य में क्या होगी इसका आकलन करने की जरूरत है।अपराधियों की 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि डायल 112 की गाड़ी और पुलिस वहां होने के बावजूद ऐसी हिम्मत अपराधी कर रहे हैं ये देखकर ही आश्चर्य हो रहा है। सांसद मनोज कुमार की सुरक्षा बढ़ाने की मांग भी उन्होंने सरकार से की है और कहा कि राज्य में पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करें। साथ ही जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चल कर ही हम सफलता हासिल कर सकते हैं : सरफराज फाजिलपुरी,

### उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर बघौनी पूर्वी बालक में शहीद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

ताजपुर / समस्तीपुर (रोजनामा इन्डो गल्फ संवाददाता संवाददाता): हर साल 30 जनवरी को भारत में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन की महत्वपूर्ण बात यह है कि इस दिन भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उक्त बातें उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर बघौनी पूर्वी बालक के शिक्षक सरफराज फाजिलपुरी ने शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को बिड़ला हाउस में शाम की प्रार्थना सभा के दौरान आजाद भारत का पहला आतंकवादी नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसलिए इस दिन गांधी जी का स्मरण किया जाता है। यह दिन उन सभी शहीदों को समर्पित है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। प्यारे बच्चों गांधी जी का पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित था। उन के आदर्शों पर चल कर ही हम सफलता हासिल कर सकते हैं। इस लिए हम सभी उन के जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश सेवा के लिए खुद को समर्पित कर देना है। देश की रक्षा करना उस के लिए अपना जीवन कुर्बान करना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कसिम इमाम ने किया और संचालन वरीय शिक्षक अजीम शम्स रहमानी ने किया। इस अवसर पर मोबशशिर हुसैन, तौकीर आलम, सरफराज फाजिलपुरी दीनबंधु प्रसाद, गंगेश कुमार, संगीत शिक्षक सुशील कुमार, स्नेहा ज्योति, चांदनी परवीन, प्रियंका कुमारी, आयुषी वर्मा, रितु चौधरी, प्रीति कुमारी, रेहाना बेगम आदि मौजूद थे। दो मिनट का मौन रख गांधी जी की श्रद्धांजलि पेश किया गया

## पूर्व आयोजित सर्वदलीय बैठक में अरुण भारती ने पार्टी की ओर से तीन महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ



बजट सत्र से पूर्व आयोजित सर्वदलीय बैठक में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का प्रतिनिधित्व कर रहे जमुई लोकसभा क्षेत्र से माननीय सांसद व लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक श्री अरुण भारती जी ने पार्टी की ओर से तीन महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। श्री भारती ने कहा कि बिहार को विशेष औद्योगिक राज्य का दर्जा मिले बिहार में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन बड़े उद्योगों की कमी के कारण रोजगार के अवसर सीमित हैं। बिहार को विशेष औद्योगिक राज्य का दर्जा देकर निवेश और उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़े और राज्य की अर्थव्यवस्था सशक्त हो।आगे श्री भारती ने कहा कि बिहार को विशेष पैकेज निरंतर मिलना चाहिए। श्री भारती ने बिहार के समग्र विकास के लिए पिछले बजट में घोषित विशेष पैकेज को इस बार भी जारी रखने की मांग की। श्री भारती ने कहा कि यह पैकेज बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन में सहायक होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। श्री भारती ने आगे कहा कि सरकारी नौकरियों में आरक्षित पदों (ठत्र्छ) की समयबद्ध भर्ती हो, सरकारी नौकरियों में आरक्षण के तहत नॉन फुलफिल्ड कैटेगरी (ठत्र्छ) के तहत खाली पड़े पदों को समयबद्ध तरीके से भरा जाए, ताकि आरक्षित वर्ग के युवाओं को उनका हक मिले और रोजगार के अवसर बढ़ें। श्री भारती ने सर्व दलीय बैठक में पार्टी की ओर से कहा कि बिहार के विकास और सामाजिक न्याय के लिए इन मांगों को पूरा करना आवश्यक हैं।

## कुष्ठ उन्मूलन दिवस के रूप में मना महात्मा गांधी का शहादत दिवस



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने पुण्यतिथि को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया। डॉ अनंतनारायण कश्यप के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने कुष्ठ रोगियों की हमेशा सेवा करने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने गांधी के पुण्यतिथि को कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में मनाया। कुष्ठ रोगी के प्रति छूआछूत एवं भेदभाव नहीं करने और उनके इलाज में हर संभव मदद करने का शपथ लिया गया। मौके पर चिकित्सक डॉ अनंतनारायन कश्यप ने कहा की कुष्ठ रोग में छूआछूत से कोई लेना देना नहीं है। यह बैक्टीरिया के जरिए फैलता है। वहीं चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी कुष्ठ रोगियों के प्रति स्नेह व सेवा भाव रखते थे। इसलिए इनके पुण्यतिथि को कुष्ठ दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन्होंने कहा कि हम सभी ने आज के दिन शपथ लिया कि कुष्ठ रोगियों को सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए प्रेरित करेंगे, उनके साथ भेद भाव नही करेंगे।

## शहीद दिवस पर याद किए गये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद




समस्तीपुर। जिले के दलसिंहसराय स्थानीय आर बी कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य प्रोफेसर संजय झा के संरक्षण, वरीय प्राध्यापक डॉ विमल कुमार की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में शहीद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्रों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया। डॉ सुनील ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में महात्मा गांधी के योगदान पर प्रकाश डाला। संजय कुमार सुमन ने अपने संबोधन में राष्ट्रपिता गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्यापक रूपेण प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ विमल ने कहा कि महात्मा गांधी सच्चे अर्थों में राष्ट्रपिता थे। उन्होंने राष्ट्र को स्वतंत्र कराने से लेकर स्वतंत्र भारत के नव निर्माण की नींव डाली। उनके शहादत दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि उन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए जो मार्ग प्रशस्त किया है, उस पर चलते हुए हम उनके सपने को साकार करें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सोहित राम, डॉ धीरज कुमार पाण्डेय, डॉ अपूर्व सारस्वत, उदय शंकर विद्यार्थी, डॉ राजकिशोर, डॉ अनूप कुमार, डॉ मुकेश कुमार झा, डॉ पूर्णिमा कुमारी पोद्दार, डॉ एसएम रहमानी, डॉ जवाहरलाल, डॉ महताब आलम खां, डॉ अकील अहमद, डॉ धीरज कुमार, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ श्रुति कुमारी, सोनम बाला के अलावे शिक्षकेतर कर्मचारी, स्वयं सेवक सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मशरक में ऑपरेशन दखल दहानी के तहत भूमि पर दिलाया कब्जा



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक प्रखंड के बंगरा पंचायत के हंसापीर गांव में ऑपरेशन दखल दहानी के तहत पीड़ित को भूमि का कब्जा दिलाया गया।सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि उच्च न्यायालय पटना के आदेशानुसार भूमि की पैमाइश करा कर हसापीर गांव निवासी राम प्रीत राय को लगभग 1 बिगहा भूमि का कब्जा दिला दिया गया।मौके पर सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष अजय कुमार दल बल के साथ मौजूद रहें।

### पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक प्रखंड के खजुरी पंचायत के सामुदायिक भवन परिसर में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ अनुराधा कुमारी, डॉ उदय कुमार, डॉ सतीश कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। डॉ उदय कुमार ने बताया कि इसमें लगभग एक सौ जानवरों को कृमिनाशक दवा दी गई एवं दस से पन्द्रह जानवरों को बांझपन का इलाज किया गया। पशु चिकित्सक उदय कुमार ने बताया कि पशुओं को कृमिनाशक दवा दी गई है। इसके अलावा कई पशुओं का इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि पशु में मिनरल की कमी होने के कारण एवं समय-समय पर कृमिनाशक की दवाई नहीं देने से बांझपन की बीमारी होती है. कहा कि पशुपालन विभाग पशुओं में बांझपन को दूर करने के लिए तत्पर हैं। पशु चिकित्सक गांव-गांव में घूमकर शिविर का आयोजन कर रहे हैं।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस पर अलग-अलग विभागों में दी गई श्रद्धांजलि




जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

सारण जिले के विभिन्न प्रखंडों, थानों समेत सभी विभागों के कार्यालयों में गुरुवार को शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि की याद में सभी पदाधिकारी समेत कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर उनके बलिदानों को याद किया। डीएम कार्यालय में डीएम अमन समीर, एसपी कार्यालय में एसपी डॉ कुमार आशीष मौजूद रहें। वहीं मशरक में डीएसपी कार्यालय में डीएसपी अमरनाथ, इंस्पेक्टर कार्यालय में इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना परिसर में थानाध्यक्ष अजय कुमार, अंचल कार्यालय परिसर में सीओ सुमंत कुमार, प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ पंकज कुमार समेत सरकारी विद्यालयों में भी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

## रामजानकी ठाकुरबाड़ी से 70 वर्ष पुरानी अष्टधातु की मूर्ति चोरी

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के बसढ़िया पंचायत के वार्ड संख्या 12 के गादो वाजिदपुर गांव स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी से राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु से बनी मूर्ति को अज्ञात चोरो के द्वारा मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरी की गई मूर्ति लगभग 70 वर्ष पुरानी बताई जा रही है जिसकी मूल्य लगभग 40 लाख रुपया से अधिक बताई जा रही है। घटना की जानकारी उस समय हुई जब ठाकुरबाड़ी के पुजारी जितेन्द्र झा रोज की तरह दिन मे ठाकुरबाड़ी साफ सफाई के साथ पूजा पाठ के लिए पहुंचे तो देखा कि भगवान की मूर्ति ही नहीं है। उसके बाद इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी और पुलिस को इसकी सूचना दे दी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुजारी जितेंद्र झा ने कहा कि भगवान के पीठ का द्वार खुला देखा मुझे आश्चर्य हुआ। क्योंकि संध्या आरती वीर भोग लगाने के बाद पीठ का गेट पर तीन ताला लगाकर मैं खुद घर चला गया था, लेकिन आने पर द्वार खुला मिला। तभी मुझे अंदेशा हुआ तो देखा तो भगवान नहीं थे। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण परमानंद चौधरी, उप मुखिया गौतम झा, विनोद झा, मुखिया हेमंत सहनी सहित अन्य को सूचना देते हुए पुलिस को सूचित किया। इधर घटना के बाद दारोगा रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गये। एसडीपीओ विवेक कुमार शर्मा ने कि पुलिस को सुबह बाजितपुर गद्दों स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी से सूचना मिली थी की राम सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्ति चोरी कर ली गई है।

## पत्रकार महासंघ नई दिल्ली न्यास के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल पोद्दार ने दो सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय उपवास रखा



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

ताजपुर / समस्तीपुर (रोजनामा इन्डो गल्फ संवाददाता ) 30 जनवरी, स्थानीय नीम चौक गांधी स्मारक स्थल पर भेरोखड़ा निवासी सह अखंड भारत वैदिक पत्रकार महासंघ नई दिल्ली न्यास के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल पोद्दार ने दो सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय उपवास रखा। इनकी मांगों में संविधान में पत्रकार को चौथा स्तम्भ के रूप में शामिल करने तथा कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका की तरह पत्रकारों को भी हर जरुरी सुविधा देने आदि मांगें शामिल थी। मौके पर अतिथि के रूप में अधिवक्ता राकेश कुमार कर्मशील, संजीत कुमार गुप्ता, रामप्रीत शर्मा, सुरेश दास, रामसागर महतो, मुन्ना कुमार, राजन कुमार, रामप्रेम सिंह निराला , मुकुल उपाध्याय, शिशिर कुमार, अब्दुल कादिर , मो0 आसिफ अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती पूजा की तैयारी: मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

खगड़िया परबत्ता प्रखंड में सरस्वती पूजा की तैयारी जोरो पर है । अलग अलग स्वरूप में मां सरस्वती की प्रतिमा मूर्तिकार बना रहे है । आगामी 2 फरवरी को सरस्वती पूजा का त्योहार मनाया जाएगा। इसको लेकर बच्चे तैयारी में जुट गये हैं। शिक्षण संस्थानों में भी पूजा की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस बार मां सरस्वती विभिन्न मुद्राओं में दर्शन देंगी। पूजा पंडालों से लेकर शिक्षण संस्थान व घरों में भी वीणा वादिनी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इस बार अलग-अलग मुद्राओं व स्वरुप में मां की प्रतिमा बनाई जा रही है। शिक्षण संस्थान के संचालक, बच्चे व पूजा समिति के सदस्य अपने मन पसंद की प्रतिमाओं की बुकिंग के लिए पहुंचने लगे हैं। मूर्तिकारों टिंकल कुमार यादव ने बताया कि शंख, कमल, बत्तख व से सिंहासन पर विराजीं हुई मां की प्रतिमा बनाई जा रही है। मूर्तिकार ने बताया कि 11 सौ रुपये से लेकर 4 हजार रुपये में प्रतिमाओं का मूल्य रखा गया है। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और डाटा ऑपरेटर आशीष कुमार ने बताया कि मूर्ति कलाकार टिंकल कुमार यादव बुद्धनगर भरतखण्ड में करीब सात वर्षों से अपनी कलाकारी के माध्यम से सरस्वती मां की प्रतिमा को अपने कला से सजाते और संवारते हैं। शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और मास्टर डाटा ऑपरेटर आशीष कुमार ने बताया कि सरस्वती मां ही नहीं सभी तरह के मूर्ति को टिंकल कुमार यादव बना लेते हैं। और अपना कलाकारी से परबत्ता प्रखंड में चर्चित कलाकार बन गए हैं।सरस्वती पूजा की तैयारी: मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं मूर्तिकार सरस्वती पूजा की तैयारी: मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं मूर्तिकार सरस्वती पूजा की तैयारी: मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं

## चार चक्का वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

मशरक थाना क्षेत्र के चरिहारा गांव में अनियंत्रित चार चक्का वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल की पहचान सिवान जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के पटेढा पटेढी गांव निवासी प्रेम कुमार उम्र 20 वर्ष पिता विश्राम कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। घायल ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर मशरक के रास्ते जा रहा था कि अनियंत्रित चार चक्का वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया वहीं वह गंभीर रूप से घायल हालत में ग्रामीणों की मदद से सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया।

# सासाराम में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन, उमड़ी कार्यकताओं की भीड़, कार्यकताओं ने लिया विधानसभा चुनाव जीतने का संकल्प

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

कार्यकताओं की निष्ठा से बढ़ रही भाजपा की प्रतिष्ठा : डॉ. दिलीप जायसवाल

कार्यकताओं का जोश, एनडीए की ऊर्जा : डॉ. दिलीप जायसवाल

कार्यकर्ता फौज की तरह, पार्टी के कार्य और विचारधारा को धरातल तक पहुंचाने का करते हैं काम : डॉ. दिलीप जायसवाल

इंडी गठबंधन के सभी नेता किसी न किसी घोटाले में लिप्त : डॉ. दिलीप जायसवाल

बिहार की संस्कृति, परंपरा, विरासत और अतीत पूरे देश को गौरवान्वित करता है : उमेश सिंह कुशवाहा

हमारा गठबंधन सत्ता के लिए नहीं, बिहार को विकसित बनाने के लिए : राजू तिवारी

एनडीए मजबूत और एक है तथा मजबूती के साथ 2025 के लिए तैयार है : अनिल सिंह

डबल इंजन की सरकार हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाएगी : मदन चौधरी





पटना, 30 जनवरी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल सहित एनडीए घटक दलों के सभी प्रदेश अध्यक्षों ने आज सासाराम में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेते हुए कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। सभी दलों के अध्यक्षों के आह्वान पर उपस्थित हजारों कार्यकताओं ने विधानसभा चुनाव जीतने का संकल्प लिया।सासाराम के फजलगंज स्टेडियम में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में उत्साहित कार्यकताओं ने एनडीए के पक्ष में जमकर नारेबाजी की और एकजुटता का भरोसा दिया। संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने संयुक्त रूप से भाग लिया और कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में हम सभी एकसाथ मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेंगे और जीतेंगे।सम्मेलन में आए एनडीए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, "भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एक फौज की तरह, पार्टी के कार्य और विचारधारा को धरातल तक पहुंचाने का काम करते हैं। पार्टी के कार्यकर्ता विरोध के सहन करते हुए, जनता तक पार्टी की सोच को पहुंचाकर, पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करते हैं, इसके लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता कोटि-कोटि बधाई के पात्र हैं।उन्होंने कहा कि इस साल अभी विधानसभा चुनाव होने में देरी है, लेकिन अभी से ही हमने बढ़त बना ली है, तो इसका कारण कार्यकर्ता हैं। आज यहां जो कार्यकताओं का जोश दिख रहा है, वही एनडीए की ऊर्जा है और इसी ऊर्जा के जरिए हम लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में भी विरोधियों को परास्त करेंगे।

उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन को निशाने पर लेते हुए कहा कि इंडी गठबंधन परिवार और भ्रष्टाचार का गठबंधन है। बिहार से लेकर जिस प्रदेश में देखे, इस गठबंधन के नेता किसी न किसी घोटाले में लिप्त हैं। बिहार में तो पूरा परिवार ही भ्रष्टाचार के आरोप में लिप्त है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि कार्यकताओं की निष्ठा के कारण ही आज पार्टी की प्रतिष्ठा बढ़ी है और लोग हमें पसंद कर रहे हैं। भाजपा और एनडीए की संस्कृति विकास की रही है और देश से लेकर प्रदेश तक में हमने यह करके दिखाया है।

संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार की संस्कृति, परंपरा, विरासत और अतीत पूरे देश को गौरवान्वित करता है और नीतीश कुमार की सरकार ने इसे और समृद्ध किया है।

# पुलिस ने फरार चल रहे 2 अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

नावकोठी/बेगूसराय/ संवाददाताथाना क्षेत्र अंतर्गत फरार 2 आरोपितों के घर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार चिपकाया गया ।इस दौरान नावकोठी थाना कांड संख्या 166/24 के फरार वारंटी सोनू सिंह पिता राम विनय सिंह एवं संजय ठाकुर पिता प्रकाश ठाकुर दोनों ग्राम नावकोठी निवासी के घरों पर इश्तिहार चिपकाया गया ।पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ढ़ोल बजवाकर इश्तिहार चस्पा किया ।समय सीमा के अंदर न्यायालय में हाजिर होने को कहा गया ।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि 166/24 के ई रिक्शा चोरी कांड में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर इश्तिहार चस्पा किया गया है ।न्यायालय में मामला चल रहा है ।इश्तेहार निर्गत कर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा है ।अन्यथा इनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी ।न्यायालय के आदेश पर अपर थानाध्यक्ष अरविंद शुक्ला एवं एस आई अनिल कुमार सिंह ने इश्तिहार चिपकाए।

# पिकअप सहित 70 बोरी यूरिया की लूट

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

नावकोठी/बेगूसराय/ संवाददाता थाना क्षेत्र अंतर्गत पी नगर पेट्रोल पंप से 20 मीटर दूर बखरी जाने वाली सड़क से पिकअप सहित 70 बोरी यूरिया खाद लेकर अज्ञात व्यक्ति हुआ फरार ।खगड़िया जिला के थाना अलौली ग्राम मेघौना निवासी मो० अफरोज पिता मो० शकुर ने नावकोठी थाना में आवेदन देकर पिकअप सहित 70 बोरी पीला यूरिया खाद जिसकी कीमत ?25 हजार है को तीन व्यक्तियों के द्वारा लेकर फरार होने का मामला दर्ज करवाया है ।दर्ज मामला में उन्होंने बताया कि मंझौल से बखरी जाने वाली सड़क पर पीर नगर पेट्रोल पंप से लगभग 20 मीटर आगे नावकोठी थाना क्षेत्र में गाड़ी लगाकर पेशाब कर रहा था। पेशाब करने के बाद शीशा साफ कर ही रहा था कि बखरी के तरफ से मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति आया और मेरे ड्राइविंग सीट पर बैठकर गाड़ी लेकर बखरी की तरफ फरार हो गया ।वहीं दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बैठकर बखरी की ओर भाग गया ।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लूटी गयी पिकअप गाड़ी सहित यूरिया की बरामदगी हेतु खोजबीन की जा रही है।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का व प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में शिक्षा समिति का गठन



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

**नावकोठी/बेगूसरायप्रखण्ड** क्षेत्र अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का व प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में विद्यालय शिक्षा समिति का गठन गुरुवार को किया गया ।प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में पर्यवेक्षक शंभू महतो के देखरेख में सर्व सम्मति से इंदल पासवान अध्यक्ष व सोनम देवी सचिव बनाए गए ।वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का में पर्यवेक्षक अशोक कुमार शर्मा के देखरेख में सर्वसम्मति से सोनी देवी अध्यक्ष व नीता कुमारी सचिव के पद पर चुने गये ।वार्ड सदस्य सह पदेन अध्यक्ष की अध्यक्षता में अभिभावकों की आम सभा विद्यालय परिसर में की गई ।इसमें सर्व सम्मति से अत्यंत पिछड़ा वर्ग से रूपम देवी, सरिता देवी, देवी, अनुसूचित जाति से नीता कुमारी, रीना देवी, सामान्य वर्ग से जय कुमारी देवी, पिछड़ा वर्ग से सुलेखा देवी, सीमा देवी, भूमिदाता अंगद प्रसाद सिंह, निशक्त कोटी सह पदेन सरपंच शैल देवी विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रदोष कुमार, बाल संसद कन्हैया कुमार, मीना मंच अनन्या कुमारी, चुनी गयी ।इस दौरान विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक माता-पिता आमसभा में उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा परिवार ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



समस्तीपुर। गुरुवार को मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक आहूत की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद ने किया, जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि मनाकर उनके तैल चित्र पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात संगठन का विस्तार करते हुए ताजपुर नगरपरिषद अध्यक्ष के पद पर ध्रुवज्योति पाण्डेय, जिला महासचिव सह समस्तीपुर विधानसभा प्रभारी के पद पर संतोष कुशवाहा, समस्तीपुर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर वीरेंद्र सहनी एवं समस्तीपुर नगर अध्यक्ष के पद पर विश्वनाथ कुमार झा उर्फ विशु को मनोनीत कर पाग माला व मनोनयन पत्र दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि इनके मनोनयन से जिला में पार्टी ही नही अपितु एनडीए और मजबूत होंगी। वही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि गाँधी जी ने शुरूआत मे प्रवासी वकील के रूप मे दक्षिण अफ्रीका में भारतीय समाज के लोगों के नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष हेतु सत्याग्रह किया। सन 1915 में भारत आकर किसानो, श्रीमिकों और नागरिकों के अधिक भूमि कर और भेदभाव के विरुद्ध आंदोलन के लिए एकजुट किया। 1921 भारतीय कांग्रेस के बागडोर संभालने के बाद उन्होंने महिलाओ, धार्मिक एवं जातीय एकता का निर्माण के लिए कार्यक्रम चलाया। उन्होंने ब्रिटिश सरकार द्वारा लवण कर के विरोध में 1930 मे नमक सत्याग्रह और 1942 मे अंग्रेजो भारत छोड़ों आंदोलन चलाकर राष्ट्रपिता के नाम से मशहूर हो गये। उन्होंने अपना जीवन साबरमती आश्रम में बिताया और भारतीय पोशाक धोती, कुर्ता व सूत से बनी शाल पहनी। वे सत्य व अहिंसा के रास्ते पर हमेशा चलकर देश के लिए शहीद हो गये। बैठक में मौजूद सभी लोगो ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दिए तथा गाँधी जी को श्रद्धांजलि दिया। मौके पर पूर्व जिलापार्षद विभा देवी, देवनारायण सिंह प्रदेश महासचिव, डॉ दिलीप कुमार चौधरी जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, मनोज कुमार राम, रामानंद सिंह, कमल पासवान, अनिल सिंह कुशवाहा, अमरजीत कुमार, रणधीर कुमार राय, राजेंद्र कुमार दास, सुरेश कुमार राम, संजय कुमार राम, चंद्रशेखर राय, मुकेश कुमार चौधरी, सुबोध कुमार चौधरी, संजय चौधरी निषाद, अच्छेलाल महतो, सुजीत कुमार पटेल, चन्दन कुमार, नंदेश्वर राय, नागेश्वर राम, संघर्ष कुमार, मो बसीर आदि मौजूद थे।

# महागठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को मिलेगा मात्र पांच सौ में रसोई गैस : हेमंत कुमार



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिले वारिसनगर प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में गुरुवार को वारिसनगर के जिला पार्षद सह राजद नेता हेमंत कुमार ने नुक्कड़ सभा कर लोगों को तेजस्वी यादव का वादा माई - बहन मान योजना की जानकारी दी। इधर मनियारपुर पंचायत के रामपुर गांव में नुक्कड़ सभा कर महिलाओं को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा की गई घोषणा समझाते हुए कहा कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को सशक्त, स्वस्थ्य, सुखी और स्वाबलंबी बनाने के लिए सरकार की ओर से प्रत्येक महिलाओं के खाते में प्रत्येक माह 25 सौ रुपये हस्तांतरित की जाएगी। इतना ही नहीं पांच सौ रुपये में घरेलू गैस मिलेगी। मौके पर जगमोहन राम, उपेंद्र राम, रामनरेश राम आदि कार्यकर्ता के अलावा दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

# सलमान के हत्यारा को खोजने आया खोजी कुत्ता, जल्द ही पकड़े जाएंगे असली हत्यारा



प्रखंड के अंतर्गत मथुरापुर थाना क्षेत्र के महाराजगंज (नागरबस्ती) वार्ड संख्या 04 में जांच पड़ताल करने पहुंचे डॉग स्क्वॉड की टीम।

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर

बताते चले कि महाराजगंज निवासी मो सफीक का सात वर्षीय नाती मो सलमान बीते 11 जनवरी 2025 से गायब था जिसका शव गत 28 जनवरी को महज आधा किलो मीटर की दूरी पर एक तोड़ी के खेत से बरामद किया गया था। इसी को लेकर पुलिस हरकत में आई और असली हत्यारा को खोजने में लग गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्यारा मृतक के घर के कुछ ही दूरी के आसपास का है जिसे पकड़ने के लिए पुलिस ने जाल बिछा दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द की इस मामले का उदभेदन हो जाएगा और असली हत्यारा गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। इसी को लेकर आज खोजी कुत्ता महाराजगंज आया और कुछ ठिकानों पर छापामारी शुरू कर दी है। हत्यारा ने सलमान के शव को जिस स्थान पर छुपा कर रखा था वहां तक खोजी कुत्ता पहुंच चुकी है इससे यही साबित होता है कि हत्यारे के होशियारी काम नहीं आई।

# शिद्दत से याद किए गये शहीद कमांडो सुनील शास्त्री

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



**समस्तीपुर।** वृहस्पतिवार को नगर परिषद ताजपुर के वार्ड संख्या 4 भेरोखड़ा गांव के लाल देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीद पारा कमांडो सुनील शास्त्री के पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्मारक पर डिप्टी चेयरमैन प्रतिनिधि अनिकेत कुमार अंशु की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा सह मौन सभा कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार महिला आयोग की अध्यक्षया सह पूर्व सांसद समस्तीपुर श्रीमति अश्वमेध देवी ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण मोहन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पश्चिमी सुशील कुमार चौबे, मंडल अध्यक्ष पूर्वी दिलीप सिंह, पार्षद प्रतिनिधि राजीव सूर्यवंशी, राजकुमार पंडित, राजकमल पाण्डे, अमरेश साहू, आनंद गुप्ता, अशोक नायक, विवेक कुमार, मुन्ना कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने शाहिद सुनील शास्त्री को याद किया। हमें गर्व है कि ताजपुर की मिट्टी में जन्मे सच्चे सपूत ने देश की खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

# 29 पंचायतो में शिविर लगाकर जॉब कार्ड के लिए प्राप्त हुए आवेदन

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के 29 पंचायत में गुरुवार को जॉब कार्ड बनाने को लेकर पंचायत कार्यालय में मनरेगा के द्वारा शिवर लगाई गई। शिविर में पोषक क्षेत्र के रोजगार सेवक पीटीए, जेई जगह - जगह मौजूद थे। इस संबंध में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी महेश कुमार भगत ने बताया कि लदौरा पंचायत भवन शिविर, मघुरापुर, सोरमार, पुरुषोत्तमपुर तीरा, बरहेता, मालीनगर, अंजना, चकमेहसी आदि पंचायत का निरीक्षण किया। काफी संख्या में मजदूर जॉब कार्ड को लेकर जगह - जगह मौजूद देखे गये।

# 258 लोगों ने दिया जॉब कार्ड के लिए आवेदन

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** जॉब कार्ड बनवाने के लिए दूसरे दिन गुरुवार को प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय में 258 लोगों ने आवेदन किया। मनरेगा पीओ रणधीर कुमार ने बताया कि भीड़ बढ़ने लगी है सरकार के निर्देश पर जरूरतमंद श्रमिकों को जॉबकार्ड उपलब्ध करवाने की योजना है। आज मनियारपुर में 34, गोही20, रोहूआ पश्चमी 15, डरसुर 30, धनहर 43, लखनपट्टी 18, छतनेश्वर 42, शेखोपुर 25, रोहूआ पूर्वी 15, धुरलख 7, रामपुर विशून 4, रायपुर में 5 लोगों ने जॉब कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है। उन लोगो का जॉब कार्ड निर्गत कर दिया गया है। मौके पर पीटीए, पीआरएस आदि उपस्थित थे।

# सरस्वती पूजा 03 को, मूर्ति को अंतिम रूप देते कलाकार



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

**समस्तीपुर।** सरस्वती पूजा को मूर्तियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसे मूर्ति कारो ने अंतिम रूप देने के लिए रंग रोगन शुरू कर दिया गया है। बताते चले कि इस बार सरस्वती पूजा आगामी 3 फरवरी 2025 को मनाया जाएगा। इधर पूछे जाने पर मूर्ति कार सुनील पंडित एवं दीपू पंडित ने बताया एक मूर्ति की कीमत साइज और डिजाइन के अनुसार 500, 700, 1000, 1200 रुपया में बिकता है, जो इस दौर में बहुत कम है। उन लोगों ने बताया कि मूर्ति निर्माण में काफी मेहनत और राशि लगता है, उन्होंने बताया कि किसी तरह लागत की वापसी हो जाती है, फिर भी खुश हूं। सुनील पंडित ने बताया कि मूर्ति के लिए ऑर्डर मिलना प्रारंभ हो गया है।

# कांग्रेस कमिटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाया गया।

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद



**समस्तीपुर।** वृहस्पतिवार को जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर प्रार्थना सभा एवं एकता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम तथा वैष्णव जन तो तेने कहिए का मंचन श्रीमति सविता कुमारी तथा श्रीमती दीपा गुप्ता कलाकारों द्वारा किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मो अबू तमीम ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होने राष्ट्रपिता को युग पुरुष की संज्ञा दी तथा इस बात पर दुःख व्यक्त किया कि आज राष्ट्रपिता को शहीद करने वाली विचारधारा के लोग सत्ता के शिखर पर है। आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता के सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक है। आज विघटनकारी शक्तियाँ जिस प्रकार इस देश के सांप्रदायिक ताने बाने को नष्ट करने पर लगी हुई हैं ऐसे में राष्ट्रपिता के आदर्शों पर चलकर ही इस देश को बचाया जा सकता हैक श्री तमीम ने उनके आदर्शों पर चलने एवं देश को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एससी विभाग के जिला अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह हजारी, नगर अध्यक्ष डोमन राय, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक, आशुतोष कुमार, सूरज राम, परमानन्द मिश्र, कृष्णा कुमार राय, अमरेन्द्र कुमार, महफूज आलम, मो ऐनूल, मो जुल्फिकार आलम, मो फैयाज, शशि कुमार, अवधेश कुमार राय, सेराज अहमद, प्रमोद कुमार सिंह आदि लोगो ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## भुतही में सैयद आलम कांफ्रेंस आयोजित, हाफिज बने छात्रों की गई दस्तारबंदी

# बच्चों में दिनी व दुनियावी शिक्षा के साथ सियासी समझ पैदा करें : कारी नेसार अहमद





**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सोनबरसा ।** भुतही स्थित मदरसा दारूल उलूम इस्लामिया रिजवीया के तत्वाधान में हाई स्कूल के खेल मैदान में सैयद आलम कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मदरसा के हेड मौलवी मो सहुब आलम रिजवी ने एवं संचालन नाजिम ए आला कारी अब्दुल हन्नान कादरी ने किया। ठंड के बावजूद हजारों की संख्या में उलेमा की तकरीर सुनने लोग पहुंचे। कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए खानकाह कादरिया रिजवीया वाजिया सीवान के सज्जादानशीं सैयद नजरे आलम ने कहा कि अकीदा तौहीद के साथ पैंगबर मुहम्मद साहब के सुन्नत के मुताबिक जो जिंदगी गुजारेंगे वही मोमिन कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि सुन्नत पर अमल करने से दिन और दुनिया दोनों में कामयाब होंगे। मुफ्ती मो आरिफ रजा कुरैशी ने जलसा को संबोधित करते हुए कहा कि आज फितना का दौर है। इस दौर में सबसे ज्यादा खतरा ईमान के जाने का है। ऐसे नाजुक हालात में अहले सुन्नत जमात को अकीदा पर कायम रहना है। कारी नेसार अहमद कोलकतवी अपने संबोधन में कहा कि अपने बच्चों को दिनी व दुनियावी शिक्षा के साथ सियासी समझ भी पैदा करें। उन्होंने कहा कि अपने औलाद को हाफिज, कारी, आलिम व फाजिल बना रहे है तो एक औलाद को अच्छा सियासतदां भी बनायें। वर्तमान समय में कौम की रहनुमाई की जरूरत है। सज्जादानशीं सैयद नजरे आलम साहब की दुआ के पश्चात जलसा का समापन हुआ। इस अवसर पर मदरसा से शिक्षा ग्रहण कर हाफिज बने सात छात्रों की दस्तारबंदी किया गया। जलसा को सफल बनाने में मदरसा के सचिव अहमद हुसैन, अल्हाज डॉ मो कासिम, मुखिया अखिलेश कुमार, पूर्व मुखिया मनोज कुमार, पूर्व सचिव मोहम्मद हुसैन, मो जिब्राइल, मो हदीस, मो मोअज्जम, मो मोसाहीद, सहीदुर रहमान, मो तहसीन की भूमिका सराहनीय रही। वहीं भुतही के नौजवान भी सफल आयोजन को लेकर सक्रिय रहे। मौलाना अब्दुल समद, मौलाना फूल मोहम्मद, मो नेमत रिजवी, हाफिज व कारी मो महबूब रजा, मुफ्ती मो कमर रजा अमजदी, मौलाना मो अलाउद्दीन सबा बरेलवी, काजी ए शहर मौलाना मो असलम कादरी, शायर ए इस्लाम दिलबर शाही, राहत निजामी, साजिद मड़पावी ने जलसा से खिताब और नात व हम्द पढ़े। पूर्व कमिश्नर अरूण जायसवाल, परिहार विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी रितु जायसवाल मुखिया पति ज्याउद्दीन उर्फ तनु, समेत अन्य गणमान्य एवं हजारों लोग मौजूद रहे।

# सरस्वती पूजा एवं शबे बारात के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में बैठक



**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर,**

सारण, छपराआगामी सरस्वती पूजा एवं शबे बारात के शांतिपूर्ण अयोजन को लेकर आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष की अध्यक्षता में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आहुत की गई। पूजा पंडाल/विसर्जन जुलूस के लिये लाइसेन्स लेना अनिवार्य है। अभी तक 611आयोजकों द्वारा लाइसेन्स हेतु आवेदन दिया गया है। सभी थाना प्रभारी को सभी आयोजकों से लाइसेंस हेतु आवेदन प्राप्त कर लाइसेंस निर्गत करने का निदेश दिया गया। लाइसेन्स की शर्तों का आयोजकों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराने का स्पष्ट रुप से निदेश दिया गया। त्योहारों में डीजे का उपयोग वर्जित है, इसका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। सभी डीजे संचालकों के साथ पूर्व में ही बैठक कर इस आशय की जानकारी देने को कहा गया। इसका उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों के उपकरण को जप्त किया जायेगा।

असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश सभी अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही सीसीए के तहत कार्रवाई हेतु भी प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा गया। सभी विसर्जन मार्ग एवं विसर्जन घाटों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया ।बड़े एवं महत्वपूर्ण विसर्जन घाटों पर गोताखोर की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। पूजा एवं विसर्जन के अवसर पर किसी भी तरह के अश्लील या धार्मिक उत्तेजना वाले गीत संगीत बजाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया पर भी 24 घंटे नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह के अफवाहजनक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले के विरूद्ध आईटी एक्ट की सुसंगत धारा के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई की जायेगी। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, पुलिस उपाधीक्षक साइबर सुरक्षा सहित अन्य पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

# एसएलके कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मनाई गई गांधी की पुण्य तिथि

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो अरमान अली**



सीतामढ़ीःशहर स्थित एसएलके कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ शिक्षक एवं छात्रों की ओर से महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया। मुख्य वक्ता प्रो सुजय कुमार ने महात्मा गांधी के भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता थे ।राजनीतिक और सामाजिक प्रगति प्राप्त करने के लिए अपने अहिंसक विरोधी सिद्धांतों के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिली। महात्मा गांधी सिर्फ एक नाम ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में शांति एवं अहिंसा के प्रतीक हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा ललन कुमार राय ने महात्मा गांधी को सुषुप्त एवं हतोत्साहित भारतीय जनता को अपने अधिकार एवं स्वतंत्रता के लिए जागृत करने वाला नेता बताया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चंद्रभूषण ने किया। मंच संचालन डा कुमार ओमप्रकाश ने किया। इस अवसर पर प्रो दीपक प्रसाद, प्रो मृत्युंजय कुमार, डा सुशांत शेखर, डा संजय कुमार, डा राहुल कुमार, प्रो वरुण कुमार, प्री कामेश्वर शाह, प्रो समन बानो, डा खुशबू, डा चंदन कुमार सिंह, प्रो कुमार हिमांशु, प्रो नजमुल हसन, प्रधान सहायक नागेंद्र प्रसाद, लेखापाल सुनील कुमार, तकनीकी सहायक अभिषेक रंजन, सौरभ श्रीवास्तव, उमाकांत कुमार, कृष्ण कुमार ,गणेश कुमार ,अरविंद कुमार प्रिंस कुमार ,गौतम कुमार व बैजू पासवान तथा स्वयंसेवक उत्सव कुमार, सुधीर कुमार, विमलेश कुमार, शिवांशी, प्राची, सोनाक्षी, रिया आदि स्वयंसेवक मौजूद थे।

# टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया अंबर जिलानी ने किया उद्घाटन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के रहिका प्रखंड के ग्राम पंचायत सतलखा लकशायर में जिला स्तरीय बीसीसी टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया. सचिव राजेश मंडल, अध्यक्ष अजय पासवान, मो.नाजिम, बाल्मीकि साहनी, कृष्ण चौधरी, जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय, युवा जिला महासचिव मो. मुस्ताक अहमद, पूर्व उपप्रमुख बिस्फी मो. मोहिउद्दीन राजद प्रखंड प्रधान महासचिव कलुआही मिश्रीलाल यादव के उपस्थिति में मुख्य अतिथि युवा नेता आरिफ जिलानी अम्बर सहित विशिष्ट अतिथि युवा राजद जिला सचिव मो.रहीम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर मैच का उद्घाटन किया. पहला मैच इस अवसर पर युवा नेता आरिफ जिलानी अम्बर ने कहा कि खेल से शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास के साथ कई प्रकार के बिमारियों से भी मुक्ति मिलती है. इतना ही नहीं खेलों से सामाजिक कौशल का विकास, टीम वर्क की छमता, मस्तिष्क विकास, शारीरिक विकास, इम्यूनिटी के लिए फायदेमंद ,भावनात्मक विकास, धैर्य, सहनशीलता आदि का विकास होता है. इसलिए समय समय पर खेल आवश्यक है। इस अवसर पर राजन पासवान, मो. अमशेद, भेदी यादव, विभूति झा, छेदी यादव, मो.एहसान, सूरज पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन का दिलाया गया संकल्प

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**



नावकोठी/बेगूसराय/संवाददाता प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत पीएचसी नावकोठी में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के पुण्य तिथि पर कुष्ठ नियंत्रण संकल्प सभा का आयोजन गुरुवार को किया गया ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामनरेश शर्मा ने महात्मा गाँधी की पुण्य तिथि पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन के तहत चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों को "मैं कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण वाले व्यक्ति को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाने के लिए प्रेरित करूंगा। कोई भी व्यक्ति जिनका इलाज एमडीटी से हो चुका है तो मैं उनके साथ बैठने, खाने, घूमने-फिरने पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करूंगा ।विकलांगता युक्त कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति को किसी भेदभाव से नहीं देखूंगा तथा निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने में उनकी भरपूर मदद करूंगा ।सरकार द्वारा उनको मिलने वाली विकलांगता प्रमाण पत्र तथा पेंशन राशि दिलवाने में भी उनकी पूरी मदद करूंगा ।कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति के साथ सामाजिक भेदभाव और रोकथाम के लिए सदा प्रयत्नशील रहूंगा ।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कुष्ठ मुक्त भारत के सपनों को पूरा करने हेतु सदा प्रयत्नशील रहूंगा।" इसकी शपथ दिलायी ।इस अवसर डॉ शर्मा ने बताया कि कुष्ठ रोग से विकलांग हो चुके रोगियों को जीवन यापन हेतु सरकार प्रतिमाह पेंशन देती है ।महात्मा गांधी कुष्ठ रोगियों के प्रति स्नेह एवं सेवा भाव रखते थे ।इसलिए आज का दिन कुष्ठ दिवस के रूप में मनाया जाता है ।बापू ने कुष्ठ रोगियों की सेवा कर यह साबित किया कि कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की सेवा करने से कुष्ठ रोग नहीं फैलता है ।कुष्ठ की बीमारी किटाणु से होता है जिसका पूर्ण इलाज संभव है ।उन्होंने बताया कि एमडीटी का पूरा खुराक नियमानुसार सेवन करने से किसी भी प्रकार का कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति ठीक हो जाता है ।सभी के सहयोग से समाज से कुष्ठ रोग खत्म किया जा सकता है ।उन्होंने बताया कि कुष्ठ से संबंधित जानकारी के लिए पीएचसी नावकोठी और जिला कुष्ठ नियंत्रण कार्यालय बेगूसराय सदर अस्पताल में सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं ।इस अवसर पर अकाउंटेंट राजीव कुमार, काउंसलर राजकुमार सिंहा, एसटीएस रिशिका राज, एएनएम, आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# सरस्वती पूजा/महाशिवरात्रि/शबे बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. अबु बकर सिद्दीकी

मधुबनी जिला में आगामी पर्व सरस्वती पूजा/महाशिवरात्रि/शबे बरात /होली/ईदझउलझफितर/रामनवमी/बकरीदझ2025 के अवसर पर शांति/विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु मधुबनी जिला के झंझारपुर एवं सकरी थानान्तर्गत स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सकरी थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मुकेश थाना क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पूजा समिति के लोग शांति समिति की बैठक में उपस्थित हुए एवं सभी से भाईचारा एवं आपस में मिलजुल कर त्यौहार मनाने की अपील की गई नियम कानून का हमेशा पालन करने को भी कहा गया ' के किसी तरह का विधि व्यवस्था में किसी तरह की कोई कठिनाई न हो इसमें सहयोग करने की आवश्यकता है ' इस अवसर पर कई पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सरपंच समेत आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे '

मधुबनी आगामी पर्व सरस्वती पूजा/महाशिवरात्रि/ शबे बरात पर्व को लेकर सकरी थाना क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया



**प्रखंड संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

समाहरणालय मधुबनी में शहीद दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अगुआई में जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।ज्ञात हो की इस दिन प्रतिवर्ष गांधीजी के साथ साथ उन सभी शहीदों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी ।शहीद दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांधीजी के विचारों, विशेषकर अहिंसा और सत्य के संदेश का स्मरण और उसे प्रोत्साहित करना है ।उक्त अवसर पर सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# मधुबनी जिला पर्यावरण समिति एवं टास्क फोर्स की बैठक हुई आयोजित

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

- मधुबनी जिला पर्यावरण समिति एवं टास्क फोर्स की बैठक हुई आयोजित।
- सभी नगर निकाय प्रत्येक माह सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम से संबंधित प्रतिवेदन भेजे ।--- जिलाधिकारी ।
- पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने जिले को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा- जिलाधिकारी
- तकनीकी विभागों की पदाधिकारियों की प्रत्येक माह होने वाली बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अनिवार्य रूप से रहे उपस्थित ।-- जिलाधिकारी
- जंगली जानवरों से होनेवाली क्षति को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं वन विभाग के पदाधिकारी सभी मुखिया के साथ बैठक कर देंगे जानकारी।
- खुले में कचड़ा जलाने पर लगेगा जुमार्ना।
- बगैर ढके निर्माण सामग्री ले जा रहे वाहनों पर होगी कार्रवाई।



मधुबनी 30 जनवरी 2025 ।जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में जिले में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की गई। मधुबनी जिला में वायु प्रदूषण के रोकथाम हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारीयो को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा अनुमोदित बिहार में वायु प्रदूषण के निवारण एवं नियंत्रण हेतु कार्य योजना के अनुसार कार्रवाई कर वन प्रमंडल पदाधिकारी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए उपस्थित अधिकारियों से विभागवार जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों और आगे की रणनीति पर चर्चा किया। जिलाधिकारी ने कहा, "पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने जिले को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। बैठक में सड़क धूलकण प्रबंधन ,ठोस अवशिष्ट प्रबंधन, भवन निर्माण कार्य ,वाहन प्रदूषण, सड़क निर्माण कार्य, पटाखों का उपयोग, यातायात व्यवस्था, फसल अपशिष्ट प्रबंधन आदि पर विस्तृत चर्चा की गई एवं जिलाधिकारी द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले के सभी नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि खुले में कचरा जलाने पर अविलम्ब कार्रवाई करें और जुमार्ना लगाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में खुले में निर्माण सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए ।जिलधिकारी ने नगर निकायों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़को पर जल छिड़काव के उपरांत सफाई मशीन से सड़को की सफाई हेतु व्यवस्था करे ताकि धूलकणों से होने वाले प्रदूषण को कमकिया जा सके ।उन्होंने उपस्थित भवन निर्माण विभाग आदि के अभियंताओं को निर्देश दिया कि खुले में भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाए साथ ही निर्माण सामग्रियों के परिवहन और संग्रहण पर भी विशेष निगरानी रखें। बगैर ढके निर्माण सामग्री ले जा रहे वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। सड़क के किनारे खुले में संग्रहित की गई निर्माण सामग्रियों पर भी नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने जिला परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित करें कि बालू आदि निर्माण सामग्रियों का परिवहन अनिवार्य रूप से ढककर हो। उल्लंघन कर्ता के विरुद्ध अविलम्ब कार्रवाई करें, साथ ही वाहनों के प्रदूषण स्तर। की नियमित रूप से जांच करें । उन्होंने निर्देश दिया कि बिना प्रदूषण सर्टिफिकेट के कोई भी ईंट भट्ठा का संचालन नहीं हो यह सुनिश्चित करें। फसल अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी जिलाधिकारी ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 77वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेसजन ने किया याद

## महात्मा गांधी के 77वें पुण्यतिथि पर कांग्रेसजन ने किया पुष्पांजलि



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना. गुरुवार, 30 जनवरी, 2025 बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों ने सदाकत आश्रम में स्थित उनके मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि के पश्चात पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी ने कहा कि गांधी की हत्या करने वाले लोग आज गांधी के विचारों की हत्या करने पर उतारूं हैं। राष्ट्रपिता वैश्विक राजनीतिक संत थे और देश ही नहीं विदेशों में भी उनके द्वारा प्रतिपादित सत्य और अहिंसा के प्रयोगों को अन्य नेताओं ने अपनाया और उससे अपने देश में जीत पाई। आज के दौर में गांधी के विचारों को नई पीढ़ियों में प्रेषित करने की आवश्यकता है और उनके जीवन दर्शन को हमें अपनाने की जरूरत है। महात्मा गांधी ने देश को एकजुट किया और सभी धर्म सम्प्रदाय को एकजुट किया। गांधीवादी विचार देश की वैश्विक पहचान है। गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है और आने वाले युगों तक रहेंगे।

पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को अजर अमर बताया और कहा कि गांधी एक विचार थे और विचार कभी मरते नहीं है उनके मुख्य और आदर्श आज भी पूरे विश्व में जिंदा हैं। गांधीवाद से अहिंसा और सत्याग्रह का सबक लेकर भारत ने विकास की राह पकड़ी और विश्व में इसे स्वीकारा गया।महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करने वाले वरिष्ठ नेताओं में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, कौकब कादरी, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, प्रेमचन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, हरखू झा, आनन्द माधव, डा0 स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, डा0 संजय यादव, सौरभ सिन्हा, निधि पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, राजकिशोर सिंह, डा0 मधुबाला, उदय शंकर पटेल, राज छविराज, विमलेश तिवारी, रामाशंकर पाण्डेय, नदीन अंसारी, सिद्धार्थ क्षत्रिय, आदित्य पासवान, फिरोज हसन, विश्वनाथ बैठा, मो0 हैदर आलम, मो0 शाहनवाज, अब्दुल बाकी सज्जन, मृत्युंजय कुमार सिंह आदि वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहें।

# सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर प्रशासन अलर्ट



**मो. सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:** सरस्वती पूजा पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सरस्वती पूजा आयोजन के मद्देनजर एवं विधि व्यवस्था संधारण के निमित्त आज विमर्श सभा कक्ष में जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन भी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा पूरी प्रतिबद्धता के साथ दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि आगामी सरस्वती पूजा के अवसर पर उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुचारू यातायात तथा सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। पदाधिकारीगण सभी हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) से सार्थक संवाद कायम रखें। शांति समिति की ससमय बैठक कर लें। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारियों का अनुश्रवण करें। आसूचना तंत्र को सुदृढ़ एवं सक्रिय रखें। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को क्रियाशील रखें। अफवाहों का त्वरित खंडन करें। पूर्व की घटनाओं में शामिल लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करें। मद्य-निषेध अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।निर्देश दिया गया है कि सरस्वती पूजा के जुलूस-मार्ग का सत्यापन कर लें। नगर निकायों द्वारा साफ-सफाई एवं प्रकाश की उत्तम व्यवस्था रहनी चाहिए। विद्युत अभियंता निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा। सभी एसडीओ एवं एसडीपीओ इसे सुनिश्चित करवाएंगे। लाउडस्पीकर के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक होगा। सोशल मीडिया का बेजा इस्तेमाल करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक पोस्ट पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मनाई गई



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
साहिल अंसारी

ताजपुर / समस्तीपुर ( रोजनामा इन्डो गल्फ संवाददाता ) : - - मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा मे राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक आहूत की गई।जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद ने किये जिसमे सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि मनाकर उनके तैल चित्र पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात संगठन का विस्तार करते हुए ताजपुर नगरपरिषद अध्यक्ष के पद पर ध्रुवज्योति पाण्डेय, जिलामहासचिव सह समस्तीपुर विधानसभा प्रभारी के पद पर संतोष कुशवाहा, समस्तीपुर प्रखंड अध्यक्ष के पद पर वीरेंद्र सहनी एवं समस्तीपुर नगर अध्यक्ष के पद पर विश्वनाथ कुमार झा उर्फ विशु को मनोनीत कर पाग माला व मनोनयन पत्र दिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि इनके मनोनयन से जिला मे पार्टी ही नही अपितु एन डी ए और मजबूत होंगी। वही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने कहा कि गाँधी जी ने शुरूआत मे प्रवासी वकील के रूप मे दक्षिण अफ्रीका मे भारतीय समाज के लोगों के नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष हेतु सत्याग्रह किया। सन 1915 मे भारत आकर किसानो, श्रीमिकों और नागरिकों के अधिक भूमि कर और भेदभाव के विरुद्ध आंदोलन के लिए एकजुट किया।1921 भारतीय कांग्रेस के बागडोर संभालने के बाद उन्होंने महिलाओ, धार्मिक एवं जातीय एकता का निर्माण के लिए कार्यक्रम चलाया। उन्होंने ब्रिटिश सरकार द्वारा लवण कर के विरोध मे 1930 मे नमक सत्याग्रह और 1942 मे अंग्रेजो भारत छोडो आंदोलन चलाकर राष्ट्रपिता के नाम से मशहूर हो गये। उन्होंने अपना जीवन साबरमती आश्रम मे बिताया और भारतीय पोशाक धोती कुरता व सूत से बनी शाल पहनी। वे सत्य व अहिंसा के रास्ते पर हमेशा चलकर देश के लिए शहीद हो गये। बैठक मे मौजूद सभी लोगो ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दिए तथा गाँधी जी को श्रद्धांजलि दिया। मौके पर विभा देवी पूर्व जिलापार्षद, देवनारायण सिंह प्रदेश महासचिव, डॉ दिलीप कुमार चौधरी जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, मनोज कुमार राम, रामानंद सिंह, कमल पासवान, अनिल सिंह कुशवाहा, अमरजीत कुमार, रणधीर कुमार राय, राजेंद्र कुमार दास, सुरेश कुमार राम, संजय कुमार राम, चंद्रशेखर राय, मुकेश कुमार चौधरी, सुबोध कुमार चौधरी, संजय चौधरी निषाद, अच्छेलाल महतो, सुजीत कुमार पटेल, चन्दन कुमार, नंदेश्वर राय, नागेश्वर राम, संघर्ष कुमार, मो बशीर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# आशा कार्यकताओं की बैठक संपन्न, सरकारी कर्मी का दर्जा और वेतन मिले- रंजू कुमारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- स्थानीय स्तर पर आशा कार्यकताओं से वसूली एवं शोषण बंद हो- सविता कुमारी
- 16 जनवरी को ताजपुर जनता मैदान में आशा, रसोईया , आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका, कुरियर, जीविका, ममता, विद्यालय प्रहरी का होगा प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन- सुरेंद्र प्रसाद सिंह



ताजपुर/समस्तीपुर30 नवरी 2025

बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ (ऐक्टू) के पदधारकों की बैठक प्रखंड अध्यक्ष रंजू कुमारी की अध्यक्षता एवं प्रखंड सचिव सविता कुमारी, भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह के आतिथ्य में गुरुवार को स्थानीय जनता मैदान में संपन्न हुई। 9 फरवरी को समस्तीपुर के मालगोदाम चौक स्थित जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कन्वेंशन करने, 16 फरवरी को ताजपुर जनता मैदान में प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन करने, 24-26 फरवरी दिल्ली में ऐक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने, 9 मार्च को पटना के गांधी मैदान में महाजुटान रैली में प्रखंड से बड़ी भागीदारी दिलाने, स्थानीय स्तर पर आशा कार्यकर्ता से वसूली एवं शोषण बंद करने के खिलाफ आंदोलन चलाने समेत अन्य निर्णय लिया गया। बैठक को स्कीम वर्कर्स के लीडर एवं भाकपा माले के बिहार विधान परिषद सदस्य शशि यादव ने वाट्सएप के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि आशा को पारितोषिक शब्द हटाकर मानदेय देने, आशा को राज्यकर्मी का दर्जा एवं वेतन देने की लड़ाई सरकार से संगठन लड़ रही है। दूसरे राज्यों में आशा को मानदेय, अधिक राशि समेत अन्य सुविधाएं दिया जा रहा है लेकिन बिहार में जदयू-भाजपा की नीतीश सरकार आश्वासन देकर मुकर गई है। यह आशा बहनों के साथ अन्याय है और इस अन्याय के खिलाफ आशा समेत तमाम स्कीम वर्कर्स का 9 मार्च को पटना के गांधी मैदान में महाजुटान रैली है। हमें तमाम स्कीम वर्कर्स तक इस मैसेज को पहुंचाकर बड़ी भागीदारी से महाजुटान रैली को सफल बनाना है।

बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि स्थानीय स्तर पर आशा से वसूली एवं शोषण बंद हो अन्यथा भाकपा माले आशा के साथ मिलकर आंदोलन चलाने को बाध्य होगी।

रेखा कुमारी, बबीता कुमारी, निशा देवी, अर्पणा देवी, मोनिका कुमारी, मंजू कुमारी, पुनम देवी, कुमारी मंजू किरण, पुनम कुमारी, कुमारी ममता, वीणा देवी, रेखा देवी आदि उपस्थित होकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# मोहन शर्मा के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

- वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन शर्मा के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित प्रमुख नेताओं ने जताया शोक



पटना. गुरुवार, 30 जनवरी, 2025बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन शर्मा का आकस्मिक निधन 70 वर्ष की आयु में हो गया। उनके निधन पर बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने उनके निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि मोहन शर्मा के निधन से व्यक्तिगत तौर पर मैं ज्यादा मर्माहत हूं, उन्होंने आजीवन कांग्रेस के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने अंतिम समय तक गांधीवादी विचारों को जिया और मेरे अनन्य सहयोगी के रूप में कार्यरत रहें। मूल रूप से जहानाबाद के रहने वाले मोहन शर्मा प्रदेश कांग्रेस के सभी कार्यक्रमों में इस उम्र में भी लगातार सक्रिय रहें और संगठन के कार्यों में रुचि लेते रहें। उनके परिजनों के प्रति प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि हर तरीके से कांग्रेस परिवार और व्यक्तिगत तौर से मैं उनके साथ हूं।मोहन शर्मा के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा, कौकब कादरी, कृपानाथ पाठक, नरेन्द्र कुमार, डॉ. समीर कुमार सिंह, प्रेमचंद्र मिश्रा, निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, हरखू झा, आनंद माधव, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, डॉ. संजय यादव, शिशिर कुमार कौन्डिल्य, आशुतोष शर्मा, निधि पाण्डेय, सौरभ सिन्हा, आलोक हर्ष, राजनन्दन कुमार, रुपन झा ने भी शोक व्यक्त किया है।

# 2005 के पहले बिहार में सुशासन केवल एक सपना था :- अरविन्द सिंह

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

पटना, 30 जनवरी :- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि 2005 में बिहार की जनता ने राजद के कुशासन, भ्रष्टाचार और अराजकता से तंग आकर एनडीए को चुना। उस समय सुशासन केवल एक सपना था, जिसे एनडीए ने हकीकत में बदलकर दिखाया। आज बिहार विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सड़कें, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में हर जिले में बदलाव की नई गाथाएँ लिखी जा रही हैं।श्री अरविन्द ने कहा कि आज रोड कनेक्टिविटी को मिल रही है डबल रफ्तार नया बिहार बना रही एनडीए सरकार। बिहार की दो सड़क परियजनाओं को केंद्र सरकार से 2200 करोड़ की मंजूरी दे दी है। इसमें 13 किमी. लंबा रामनगर से कच्ची दरगाह में 6-लेन ग्रीन कॉरिडोर और 24 किमी. लंबा किशनगंज-बहादुरगंज खंड में 4-लेन का निर्माण है।आज एनडीए सरकार में विकास की गंगा बह रही है। ग्रामीण बिहार में 371 करोड़ की लागत से 103 पुलों का निर्माण होगा। बिहार के कोने-कोने में विकास के लिए संकल्पित है एनडीए सरकार इसी क्रम में बिहार के 42 शहरों में फुटओवर ब्रिज बनेगा। एवं साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर पटना में बनेगा रिवर फ्रंट, जेपी गंगा पथ और अशोक राजपथ को जोड़ता 6 किमी गंगा चैनल बनेगा जो शहर का एक नया आकर्षण का केन्द्र होगा।

# जन सुराज बेदारी कारवां की हुई बरौनी में बैठक

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मोहम्मद अनवर हैरान




तेघड़ा / बरौनी 30 /01/2025 बरौनी नगर परिषद् के वार्ड संख्या 17 गांधी नगर में जन सुराज बेदारी कारवां की हुई बैठक

बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद इकबाल ने की संचालन मोहम्मद अनवर हैरान ने की सभा के मुख्य अतिथि अंसारी महापंचायत के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद साहिल अंसारी ने कहां मौजूदा हालात में मुससलमानों की है कि हालत बद से बत्तर हैं अब वक्त आ गया के हम मुसलमानों को जो जिस पार्टी में है वहां अपनी आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी की मांग करे तभी सभी पार्टियों असली चेहरा सामने आएगा मैं समझता हूं कि अब तक जो भी पार्टियों ने हम मुसलमानों को सिर्फ ठगने काम किया है उन पार्टियों को जन सुराज 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में पूरे 40 मुस्लिम प्रत्याशी और 40 महिला प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतर का मुंह तोड़ जवाब देने का काम करेगी

इस बैठक में दर्जनों लोगों ने भाग लिया

मौके पर मो मुबारक अली ,मो नियाज, मो कलाम, मो शमशेर, मो वकील मौजूद थे !

# समाहरणालय में लगा पेंशन अदालत, 12 मामले का हुआ निष्पादन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** समाहरणालय सभागार में वृहस्पतिवार को महालेखाकार बिहार पटना की टीम द्वारा पेंशन अदालत लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पेंशन से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन करना तथा इससे संबंधित प्रशिक्षण देना था। इस पेंशन अदालत में कुल 40 मामले प्रस्तुत हुए जिनमें 25 मामले निष्पादन योग्य थे उनमें से 12 मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया शेष मामलों के निष्पादन के लिए महालेखाकार की टीम उससे संबंधित दस्तावेजों को लेकर पटना गयी।

# सब विभागों की होगी भागीदारी, तभी मिटेगी फाइलेरिया बीमारी

**मो.सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित "सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम" आगामी टऊअ चक्र -2025 को लेकर जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी की अध्यक्षता जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अलावा शिक्षा, पंचायती राज, क्ळउऱ, जीविका के जिला और प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी के साथ सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (ऑनलाइन मीटिंग) में उपस्थित रहे।जिला पदाधिकारी ने बताया कि आगामी फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के कुल 42,29,072 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर कुल 1612 दलों का गठन किया गया है, और कुल 160 पर्यवेक्षक इस कार्यक्रम का लगातार निरीक्षण करेंगे। ये दल 10 फरवरी 2025 से 13 फरवरी 2025 तक जिले के सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों में जाकर योग्य बच्चों और शिक्षकों को दवा का सेवन कराएंगे। उसके पश्चात 14 फरवरी से 28 फरवरी तक दल घर - घर जाकर सभी योग्य आबादी को दवा का सेवन कराया जायेगा। दवा का सेवन उम्र के अनुसारः (1) 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल की 1 गोली और ऊ्एउ की 1 गोली (2) 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल की 1 गोली और ऊ्एउ की 2 गोली(3) 15 वर्ष से ऊपर के सभी योग्य आबादी को एलबेंडाजोल की 1 गोली और ऊ्एउ की 3 गोली खिलानी है।साथ ही 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को , गर्भवती माताओं को और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं करना है। जिला पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम के सफलता हेतु सभी विभागों मुख्य रूप से (शिक्षा, पंचायती राज , क्ळउऱ, जीविका, क्षेत्रीय ठऋडर) का समन्वय बहुत महत्वपूर्ण है।उन्होंने बताया कि टऊअ चक्र से पूर्व सभी प्रखंडों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी विभागों के साथ समन्वय करते हुए फाइलेरिया मुक्त पंचायत बनाने हेतु पहल कर सभी पंचायत में जनप्रतिनिधि द्वारा जनसमुदाय के सामने दवा खा कर लोगों को जागरूक किया जाय।




सिविल सर्जन डॉक्टर अखिलेश कुमार ने सभी विभागों से अपील की कि अपना अपना सहयोग प्रदान करें , जिससे फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में पहल किया जा सके। पीरामल फाऊंडेशन के जिला लीड प्रभाकर कुमार और प्रोग्राम लीड रोहित कुमार ने विस्तृत रूप से ढढळ के माध्यम से पूरे राज्य और जिले के फाइलेरिया के स्थिति के बारे में बताया, साथ ही कहा कि सभी प्रखंड में रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है, जो कि किसी भी प्रकार के अऊफ्र (ंपि१रि ऊ१४ फ्ीं३ङ्गल्ल) की स्थिति में अपनी सहायता उपलब्ध कराएगी।

# हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में राजद नेताओं ने चलाया सदस्यता अभियान



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के दुधपुरा पंचायत एवं देवड़ा पंचायत में राष्ट्रीय जनता दल पार्टी की सदस्यता अभियान के लिए कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सघन रूप से सदस्यता अभियान में गति लाने तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक रूप से चर्चा की गई। साथ ही कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द सभी बूथों पर प्राथमिक सदस्य बनाकर क्रियाशील सदस्यों की टीम बनाई जाय और संगठन को वार्ड स्तर पर मजबूत किया जाय। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष राम प्रमोद यादव ने किया। वहीं मौके पर बैठक में राजद के वरिष्ठ नेता रामनारायण मंडल उर्फ.बच्ची मंडल, राजद किसान सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष शंभूभूषण यादव, जिला राजद के उपाध्यक्ष ललन यादव, दुधपुरा पंचायत के मुखिया कैलाश महतो, पैक्स अध्यक्ष जनार्दन यादव, युवा राजद जिला सचिव टुनटुन कुमार, राजन यादव।



# मानसून में घर की दीवारों में आ जाती है नमी, तो आज से ही करें ये काम

**मानसून आते ही मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है, जिसके कारण घर की दीवारों का पेंट फूलने लगता है। इससे न सिर्फ दीवारें खराब होती है बल्कि इससे सटाकर रखी गई सामान भी बेकार हो जाती है।**

मानसून का मौसम जल्द ही दस्तक देने वाला है। ऐसे में मौसम तो काफी सुहाना रहता है लेकिन इस दौरान अक्सर घरों में सीलन आने लगती है। दीवार पर मौजूद नमी धीरे-धीरे इससे सटे हुए सामान जैसे अलमारी, बेड आदि को खराब कर देता है। दरअसल, बारिश के मौसम में नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। ऐसे में घर की दीवारों को खास देखभाल करने की जरूरत होती है। ह्यूमिडिटी बढ़ने के कारण वॉल पर फफूंद के निशान और अजीब से दुर्गंध आने लगती है। अगर आप इस मानसून घर की दीवारों को खराब होने से बचाना चाहती है तो आज ही कर लें ये काम।

### वाटरप्रूफ पेंट का करें इस्तेमाल

घर को सुंदर दिखाने में पेंट का अहम रोल होता है। ऐसे में पेंट करवाते समय वाटरप्रूफ कलर का इस्तेमाल करें। इस तरह से आप एक साथ दो काम कर सकते हैं पहला घर लंबे समय तक सुंदर और दूसरा बरसात से घर को सुरक्षित।

### प्लम्बर से नल को कराएं चेक

घर में लगे पानी के टैप को समय-समय पर चेक करें। बारिश का पानी के बजाय कई बार पाइप कनेक्शन से रिसने वाले पानी के कारण दीवार में नमी आती है। ऐसे में दीवार में आने वाली नमी के कारण पेंट फूल कर गिरने लगता है, जिससे गंदगी और स्मेल दोनों बढ़ जाती है।

### वेंटिलेशन का रखें ध्यान

बारिश होने के बाद घर की खिड़कियों को जरूर खोल दें। हल्की धूप निकलने पर घर के कपड़े से लेकर मैट परदे आदि को धूप दिखाएं। वेंटिलेशन का खास ख्याल रखें ऐसा करने से आप दीवारों को नमी से कुछ हद तक बचा सकते हैं।

### पानी को निकलने वाली जगह को रखें क्लीन

घर में जहां पर पानी निकलने का सोर्स है उस जगह को हमेशा साफ रखें। कई बार नाली में जमी गंदगी व कचरे के कारण बारिश का पानी आसानी से बाहर नहीं निकल पाता। पानी एकत्र होने के कारण दीवार की मदद से वह ऊपर चढ़ने लगता है।



सर्दी हो या गर्मी हर मौसम में घर की सफाई रखनी जरूरी होती है। खासतौर इसकी जरूरत बारिश में ज्यादा हो जाती है क्योंकि इस दौरान नमी की वजह घर से स्मेल आने लगती है।

# मानसून के मौसम में इन हैक्स की मदद से करें सफाई

## क्लीन और स्मेल फ्री रहेगा घर

मानसून और बारिश में घर को साफ-सुथरा रखना किसी चैलेंज से कम नहीं होता। बारिश के कारण घर में 24 घंटे नमी बनी रहती है जिसकी वजह से लकड़ी के फर्नीचर और कपड़ों में स्मेल और दीमक लगने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं बाहर से आने पर घर में पानी के साथ-साथ कीचड़-मिट्टी हो जाता है। हालांकि सही क्लीनिंग हैक्स की मदद से इससे निजात पा सकती हैं। इन हैक्स को अपनाकर आप कम मेहनत में अपने घर को क्लीन और स्मेल फ्री रख सकती हैं।

### बारिश में घर को साफ करने के लिए अपनाएं ये हैक्स

आमतौर पर बारिश के मौसम में सफाई का काम कई गुना बढ़ जाता है। इस समय कम धूप और ज्यादातर बारिश होती रहती है जिसके कारण से सीलन और चिपचिपाहट बनी रहती है। बेशक ही तेज हवा और बारिश गर्मी से आराम दिलाता है लेकिन काम बढ़ा देता है। इस दौरान न सिर्फ कीचड़ घर के अंदर आता है बल्कि कीड़े-मकोड़े भी बढ़ जाते हैं।

### पानी सोखने वाले डोरमैट का करें इस्तेमाल

डोरमैट का इस्तेमाल हम सभी पैरों और जूतों पर लगी मिट्टी को साफ करने के लिए करते हैं। इस मौसम में घर के दरवाजे पर ऐसा डोरमैट बिछाए जो पानी और गंदगी को आसानी से सोख लें। आज के समय लोग बाजार में मिलने वाले फैशनेबल मैट का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें पानी और गंदगी को साफ करना आसान तो होता है लेकिन इन्हें साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। बारिश में हल्का और नमी सोखने वाला डोरमैट इस्तेमाल करें। आप चाहें तो इसे घर पर पुराने कपड़े की मदद से बना सकती हैं। पायदान को दूसरे व तीसरे दिन में धोकर सुखा दें।

### घर के अंदर आने वाले पानी को रोके

बारिश में घरों में सीलन आने की समस्या काफी आम बात है। लेकिन इससे होने वाली दिक्कत हर किसी को परेशान करती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले सीलन की समस्या का उपाय खोज लें। इसके लिए घर में बनी नालियों को साफ करें। दीवारों पर वाटरप्रूफ पेंट करें। दरार वाली जगहों को चेक कर सही कराएं।

### अलमारी को बारिश से पहले करें साफ

वैसे तो हर मौसम में अपनी अलमारी को साफ करना जरूरी है। लेकिन अगर आपने अलमारी को दीवार से चिपकाकर रखा है तो उसकी नमी कपड़ों तक पहुंच जाती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले अलमारी को दीवार से हटाएं। इसके बाद अलमारी के अंदर बनी रैक पर पेपर बिछाकर कपड़ों को सही से व्यवस्थित करें। नमी आने के कारण अक्सर कपड़े बदबू करने लगते हैं। ऐसे में आप कपूर, दालचीनी और नीम की पत्तियों को बांधकर इसके बीच में रखें। ये सामग्री नमी को सोखने का काम कर उन्हें सुरक्षित रखता है।



# बरसाती कीड़ों से पाना है छुटकारा तो ऐसे करें घर की सफाई

बारिश के मौसम में बरसाती कीड़े के साथ ही घर में चीटी और काकरोच जैसी चीजें भी आने लगती है। ऐसे में अगर घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। बारिश के मौसम में घर की सफाई करने के लिए आपको कुछ आसान हैक्स की मदद लेनी चाहिए।

### दरार और छेद को बंद करें

घर की दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों में मौजूद दरारों और छेदों को सीलेंट या प्लास्टर से बंद करें ताकि कीड़े घर के अंदर न आ सकें। ध्यान रखें कि मानसून के दिनों में घर की सफाई सही तरीके से करना चाहिए।

### कूड़ेदान को साफ रखें

कूड़ेदान को रोजाना साफ करना चाहिए। अगर आप डेली कूड़ेदान को साफ नहीं करती हैं तो उसमें कीड़े लगने लगते है। कचरे को समय-समय पर बाहर निकालें। साथ ही आपको कूड़ेदान को भी धोते रहना चाहिए।

### घर में जाली लगाएं

खिड़कियों और दरवाजों पर मानसून के महीने में जाली लगाएं ताकि कीड़े अंदर न आ सकें। साथ ही आपको रोजाना अपने घर को शाम के समय पोछा लगाना होगा।

### गंदे बर्तन न छोड़ें

खाना खाने के बाद बर्तनों को तुरंत साफ करें। गंदे बर्तन लंबे समय तक छोड़ने के कारण बर्तन में कीड़े लगने लगते हैं। ऐसे में आपको ध्यान रखना है कि रात के समय भूलकर भी बर्तन को बेसिन में ना छोड़े।



# बरसात में आपका घर न लगे अस्त-व्यस्त, इसलिए उसे इस तरह से करें व्यवस्थित

**मानसून अपने साथ राहत लेकर आता है, यह तो हमको मालूम ही है। मगर आपने ध्यान दिया होगा कि अक्सर बारिश होने की वजह से चीजें अस्त-व्यस्त रहती हैं। घरों में सीलन आदि होने लगती है और इसी के कारण बदबू भी होने लगती है।**

जरूरी है कि मानसून में आप अपने साथ-साथ घर का भी पूरा ख्याल रखें। अपने घर को मेंटेन रखने के लिए आप क्या-क्या तरीके अपना सकती हैं, इसके बारे में आपने सोचा है? अगर नहीं, तो हम ऐसे ही कुछ खास तरीके आपको बताने वाले हैं, जिसके साथ आप अपने घर को व्यवस्थित कर सकती हैं और मानसून की टेंशन से दूर हो सकती हैं।

### खुशबू का रखें ख्याल

मानसून के कारण घरों में से एक अजीब से महक आना शुरू हो जाती है। वह दीवारों के गीले होने के कारण होती है। ऐसे में कभी आपके घर कोई मेहमान आ जाए तो आपको कितनी फजीहत होगी। ऐसा न हो इसके लिए हमेशा नियमित रूप से घर की साफ-सफाई करें। इसके अलावा अपने लिविंग रूम में एक पोटपोरी रखें, जिसमें एसेंशियल ऑयल डाला जाता है। इससे आपके कमरे खुशबू से महकते रहेंगे और गंदी बदबू से आपको छुटकारा मिलेगा।

### इंडोर प्लांट्स लगाएं

अब इंडोर प्लांट्स तो आपके घर में होंगे ही, लेकिन ऐसे मौसम में उन पौधों को घर पर रखें, जो घर से ह्यूमिडिटी हटा सकें। साथ ही ऐसे पौधे भी लाएं, जो कम सनलाइट में भी बढ़ सकें। अगर किसी विशेष एरिया पर ज्यादा पौधे हैं, तो उन्हें हटाकर बालकनी की तरफ ले जाएं। मानसून में पौधों पर जल्दी कीड़े लगते हैं, इसका भी ध्यान रखें और उनकी देखभाल अच्छे से करें।

### कारपेट्स को करें क्लीन

मानसून में सबसे ज्यादा गंदगी आपके कालीन पर होती है। वे जल्दी नम हो जाते हैं और उनमें धूल-मिट्टी भी चिपक जाती है। इस कारण कमरे में से गंदी बदबू आने लगती है। इसे हटाने के लिए कार्पेट को रोजाना वैक्यूम क्लीनर से क्लीन करें। हफ्ते में दो बार कार्पेट की डीप क्लीनिंग करें। वहीं, ऐसा बार-बार करना न चाहते हों, तो इस मौसम में कारपेट बिछाने से बचें। यह आप आपका वक्त भी बचाएगा और घर में गंदगी भी नहीं होगी।

### लकड़ी के फर्नीचर का रखें खास ख्याल

हम सब जानते हैं कि मानसून में लकड़ी के फर्नीचर कितनी जल्दी खराब होते हैं। नमी के कारण लकड़ी फूल जाती है और दीमक की समस्या भी उत्पन्न होती है। इससे अपने फर्नीचर को बचाने के लिए नियमित रूप से वैक्सिंग का सहारा लें। अगर आपके दरवाजे, खिड़कियां फूली हुई लगें, तो सैंडपेपर की मदद से उन्हें साफ करें। ऐसे मौसम में किसी तरह का रेनोवेशन करवाने से भी बचना चाहिए। यह चीजों को और अस्त-व्यस्त कर सकता है।

### किताबों की जगह बदलें

अगर आपके घर में सामान से ज्यादा किताबें रहती हैं, तो इस मौसम में उनका भी ख्याल रखें। अपने बुक शेल्फ को ऐसी जगहों से दूर कर दें, जहां नमी जल्दी पकड़ी हो। साथी ही उनके बीच कपूर की गोलियां डालना न भूलें। आप किताबों की आलमारी में सिलिका जेल के पाउच भी रख सकते हैं। इससे मॉइश्चर में कमी आती है और यह आसानी से बाजारों में उपलब्ध भी हो जाते हैं। इतना ही नहीं, घर की वायरिंग का भी खास ख्याल देना जरूरी है। मानसून में फ्लकचुएशन बहुत होती है। शॉर्ट सर्किट न हो इसके लिए अपनी वायरिंग की जांच भी करवाएं।



# लुक चेंज करने के लिए पहनें माहेश्वरी साड़ी

**साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यह तभी अच्छी लगती हैं, जब आप सही कलर और डिजाइन को इवेंट के हिसाब से वियर करते हैं।**

साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए जब भी साड़ी किसी खास दिन पर पहनने की बात आती है तो हम अलग-अलग डिजाइन ऑप्शन को सर्च करते हैं, ताकि सबसे अलग नजर आ सके। वहीं कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जो इवेंट के हिसाब से साड़ी खरीदते हैं। वहीं कुछ फैब्रिक देखकर उन्हें खरीदना और पहनना पसंद करते हैं। अगर आपको भी कुछ नए फैब्रिक को ट्राई करना है तो आप इसके लिए मध्य प्रदेश की फेमस माहेश्वरी साड़ी को वियर कर सकती हैं। यह सिल्क फैब्रिक से तैयार की जाती है। साथ ही, पहनने में कंफर्टेबल होती है।

### माहेश्वरी गोल्डन जरी वर्क साड़ी

साड़ी डिजाइन में आप गोल्डन वर्क वाली जरी वाले पैटर्न को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी सॉफ्ट कपड़े से बनाई जाती है। इसलिए, इसे पहनना आसान होता है। वहीं इसमें जो वर्क किया जाता है वो बॉर्डर और पल्लू पर किया जाता है। इससे साड़ी और अच्छी लगती है। इसे हैवी टच देने के लिए छोटी-छोटी बूटी के डिजाइन को पूरी साड़ी में डिजाइन किया जाता है। साड़ी सिंपल भी लगती है। लेकिन जब एक्सेसरीज के साथ वियर की जाती है तो हैवी लुक देती है। आप इसे किसी भी इवेंट पर वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी।

### बाटिक प्रिंट साड़ी डिजाइन

साड़ी स्टाइल करना पसंद है, तो आप बाटिक प्रिंट साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी दिखने में सुंदर लगती है। साथ ही, कॉटन साड़ी जैसा लुक देती है। आप इस तरह की साड़ी को ऑफिस या डे पार्टी में अच्छी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सबसे अलग नजर आएंगी। इसमें आपको प्रिंट और डिजाइन अलग-अलग मिल जाएंगे, जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### कॉटन सिल्क माहेश्वरी साड़ी

आप फोटो में नजर आने वाली कॉटन माहेश्वरी सिल्क साड़ी को भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन डिफरेंट होते हैं। साथ ही, स्टाइल करने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको डबल कलर के साथ बॉर्डर मिलेगा। साथ में गोल्डन जरी वर्क डिजाइन का पैटर्न मिलेगा। इससे साड़ी क्लासी नजर आएगी। आप इस साड़ी को किसी भी फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक अलग और सुंदर लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी। मार्केट जाकर इस बार सिल्क या कॉटन नहीं बल्कि माहेश्वरी साड़ी को वियर करें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने को मिलेगा।

# दलित ओबीसी मतदाता बनाएंगे दिल्ली में सरकार



रमेश सर्राफ धमोरा

**दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे।**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने में अब कुछ दिनों का समय ही शेष रह गया है। वहां चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर है। सभी दलों के बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पूरी दिल्ली में चुनावी चौसर बिछी हुई है। सट्टा बाजार में राजनीतिक दलों की हार-जीत के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसका पता तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही चल पाएगा।

मगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बड़ी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सरकार बनाने के प्रयास में लगी हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उनकी पार्टी की सरकार बने ताकि केंद्र व राज्य का झगड़ा समाप्त हो। कहने को तो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह पूरे अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है।

दिल्ली में बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव जीता था। इसलिए आम आदमी पार्टी का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है।



पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडिया गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आम आदमी पार्टी लगातार जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही है।

भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कल 13 सीटों पर दलित प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आम आदमी पार्टी ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों को टिकट दी है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफ होने के चलते वहां भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।

दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। इस बार भाजपा आम आदमी पार्टी से इन सभी 10 सीटों को छीन कर अपनी वापसी का प्रयास कर रही है। भाजपा ने इस बार करीबन 14 टिकट जाट नेताओं को दी है। जिनमें पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। वही आप सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे कैलाश गहलोत भी बीजेपी टिकट पर बिजवासन से चुनाव लड़ रहे हैं। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने से आप के पास कोई बड़ा जाट नेता नहीं रह गया है जो जाट मतदाताओं को आप पार्टी से जोड़े रख सके। जबकि भाजपा ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को अरविंद केजरीवाल के सामने खड़ा कर दिल्ली के चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में गुर्जर मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। इनके प्रभाव वाली छतरपुर, मुस्तफाबाद, तुगलकाबाद, घोंडा, गोकुलपुरी, ओखला पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। वहीं बदरपुर, करावल नगर व पालम पर भाजपा का कब्जा है। दिल्ली के पूर्व सांसद व बड़े गुर्जर नेता रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के खिलाफ चुनाव मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में मदनलाल खुराना व साहिब सिंह वर्मा के बाद हमेशा बाहरी व्यक्ति ही मुख्यमंत्री बनता रहा है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, अरविंद केजरीवाल, अतिशी मार्लेना जैसे लोग दिल्ली के मूल निवासी नहीं है। इसलिए दिल्ली के लोग चाहते हैं कि अब की बार दिल्ली का ही रहने वाला नेता दिल्ली का मुख्यमंत्री बने ताकि उसे दिल्ली की असली नब्ज व समस्याओं की बखूबी जानकारी हो। जाट मतदाता चाहते हैं कि साहिब सिंह वर्मा के बाद एक बार फिर उनके बेटे प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया जाए ताकि दिल्ली का सर्वांगीण विकास हो सके। वही गुर्जर मतदाता रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री बनाने की का मांग कर रहे हैं। कहने को तो कांग्रेस भी पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। मगर इंडिया गठबंधन में उनके साथी दलों द्वारा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस का मनोबल कमजोर हुआ है। इसी के चलते कांग्रेस का चुनाव प्रचार भी ज्यादा गति नहीं पकड़ पाया है। ऐसे में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के मध्य माना जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे। जिस पार्टी के पक्ष में दिल्ली के मतदाता मतदान करेंगे। वही पार्टी दिल्ली में सरकार बनाएगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

## संपादकीय

### दूर की सोचें राहुल गांधी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी दोनों के प्रति अब समान रूप से हमलावर हो गए हैं। दिल्ली में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने साफ-सुथरी राजनीति की बात की थी, लेकिन उनकी सरकार में सबसे बड़ा शराब घोटाला (आबकारी घोटाला) हो गया और वह 'शीश महल" में रहने लगे। इसी तरह उन्होंने भाजपा, मोदी और आरएसएस पर एक बार फिर देश में नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया।



सच तो यह कि राहुल गांधी को अपनी नीतियों को लेकर स्पष्ट होना चाहिए और यह समझ बनानी चाहिए कि उन्हें कब किसका और किस मुद्दे पर विरोध करना है। केजरीवाल पर उनका हमला लगभग वैसा ही है, जैसा भाजपा के होते हैं। तो क्या यह माना जाना चाहिए कि जो भाजपा का शत्रु है वह राहुल गांधी का भी शत्रु है। यह हास्यास्पद स्थिति है कि केजरीवाल के मामले में राहुल गांधी भाजपा की लाइन ले रहे हैं। जब केजरीवाल जेल में थे तो वह उनकी रिहाई की मांग कर रहे थे और जब दिल्ली के चुनाव में उनकी पार्टी के साथ गठबंधन या समझौता नहीं हुआ तो उन पर तीखा हमला कर रहे हैं। अब राहुल गांधी को यह तय करना चाहिए कि ऐसा करके वह किसको फायदा पहुंचा रहे हैं और किसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अब उनकी मोहब्बत की दुकान वाला जुमला अर्थहीन हो चुका है। जब उनकी मोहब्बत की दुकान उनके गठबंधन 'इंडिया' यानी विपक्षी दलों के गठबंधन के साझेदारी को ही मोहब्बत नहीं दे पा रही है तो बाकी किसे देगी। शायद उनकी मोहब्बत सिर्फ उनके लिए है जो आंख मूंदकर उनके साथ आ जाए और जो उनका अपना ही क्यों ना हो, अगर उनके विरोध में आता है तो वहां उनकी मोहब्बत की दुकान बंद हो जाती है। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि कांग्रेस अपने छोटे-छोटे दली स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एजेंडा तैयार करे और उसी के अनुसार अपने राजनीतिक दोस्त और दुश्मन को तय करे। अन्यथा इस समय राहुल गांधी जो कर रहे हैं उससे उनके दोस्त भी दुश्मन होते चले जाएंगे और इसकी भारी कीमत उनकी पार्टी कांग्रेस को चुकानी पड़ेगी?


## चिंतन-मनन

### एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है।

उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता। क्या हित-सिद्धि के भेद की भित्ति पर अभेद का प्रासाद खड़ा किया जा सकता है? क्या हीनता और उच्चता की उबड़-खाबड़ भूमि पर एकता के रथ को ले जाया जा सकता है? ऐसे कभी नहीं हो सकता।

# स्वतंत्रता सेनानियों के सपनो का भारत बनाएंगे उनके उत्तराधिकारी!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी डॉ. प्रह्लाद प्रसाद प्रजापति के कुशल नेतृत्व में देश के दो करोड़ स्वतंत्रता सेनानी परिवार एकजुट होने के रास्ते पर चल रहे है,ताकि उनकी ताकत के बल पर स्वतंत्रता सेनानियों के सपनो का भारत बनाया जा सके।इसी मुद्दे को लेकर 16 फरवरी को झारखंड की राजधानी रांची में स्वतंत्रता सेनानी महापरिषद राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रही है।कानपुर के स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी हरिराम गुप्ता की शिकायत है कि सरकार स्वतंत्रता सेनानी परिवारों तरफ ध्यान नहीं दे रही है,जबकि इन्ही परिवारों के बलबूते आज देश आजाद है और हम खुले मन से आजादी की सांस ले पा रहे है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की संगठन शक्ति बढ़ाने के लिए देश के सभी जिले के स्वतंत्रता सेनानी परिवारो को संगठन की वकालत की।उनका मानना है कि आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी के परिवार के लोगो को देश की अग्रिम पंक्ति का नागरिक माना जाना चाहिए ।उनकी दृष्टि में आज के जीवित स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान भारत रत्न की तरह होना चाहिए।वही उत्तराखंड में स्वतंत्रता सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी अवधेश पंत का कहना है कि उत्तराखंड में जो सुविधाएं तत्कालीन हरीश रावत सरकार द्वारा शुरू की गई थी,उन सुविधाओं को देश के हर राज्यों में स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को मिलनी चाहिए,क्योंकि देश के महान स्वतंत्रता इतिहास को और उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भुलाया नही जा सकता।जिन्होंने इस देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुतियां दी थी ।लेकिन आज उनके नाम और काम को भारत के इतिहास से मिटाने का षड्यंत्र भिन्न-भिन्न तरीकों से किया जा रहा है। मीसा बंदियों को महिमा मंडित कर उन्हें लोकतंत्र सेनानी बताकर उनको स्वतंत्रता सेनानियों से ऊपर करके सम्मानित किया जा रहा है।वही सरकार स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों का अपमान कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश में लगी है।लेकिन वह अब तक इसलिए सफल हो पाई है क्योंकि देशभर में फैले स्वतंत्रता सेनानियो व शहीदों परिवारों के लगभग दो करोड़ परिवारो की शक्ति अब एकजुट हो गई है ।स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों को एक माला में पिरोकर उन्हें अपने पूर्वजों के मान-सम्मान और अपने स्वयं के अस्तित्व की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ही प्रतिबद्धित और संकल्पित किया जा रहा है।स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों की शौर्य गाथाएं हमारे देश को उत्तर से लेकर दक्षिण तक तथा पूर्व से लेकर पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती हैं ।यही इस महापरिषद का एकमात्र उद्देश्य भी है कि हम अपने पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के बलिदान को याद रखें, उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरणा लेती रहें तथा उनका बलिदान कभी भी विस्मृत न होने पाए। इसी लिए महापरिषद के पहल पर स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर देश के विभिन्न महानगरों व नगरों में मार्गो का नामकरण हो रहा है,साथ ही सार्वजनिक स्थलों व भवनों के नाम भी स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर हो ऐसी कोशिश की जा रही है।देश के 26 राज्यो में संगठनात्मक रूप से सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद ने राष्ट्रीय स्तर पर जहां 21 पदाधिकारियों को संगठन को आगे बढाने की जिम्मेदारी सौंपी है,वही राज्य स्तर पर भी संगठन की



मजबूती के लिए पदाधिकारी नियुक्त किये गए है,जिनमे नारी शक्ति को भी शामिल किया गया है।महापरिषद के महासचिव के रूप में कुमार पटेल संगठन की धुरी बने हुए है,जो हर माह वर्चुअल माध्यम से संगठन को गति देने के लिए पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे है,वही रांची सम्मेलन को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(लेखक राष्ट्रहित चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता है)

# महाकुंभ की महत्व पर उठते कई सवाल



विनोद तकियावाला





भौतिकवादी इस युग में जहाँ प्रत्येक क्षेत्र में आज विज्ञान का तुती बोल रही है,वही वैश्विक मानचित्र के पटल पर इनदिनों एक बार फिर से भारत की चर्चा चहुँ दिशाओं हो रही है।अवसर है आस्था व आध्यात्म के अविस्मरणीय स्वर्णिम पल की।सर्व विदित रहे कि इन दिनों तीर्थराज्य की राजधानी धर्म नगरी प्रयागराज स्थित गंगा युमना व सरस्वती की पवित्र संगम स्थली पर भव्य व दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है।यूँ तो कुंभ चार वर्ष व महाकुंभ 12 बर्ष में लगता है।देश में सिर्फ चार जगहों पर 12 वर्ष के अंतराल में लगता है।

ये चार शहर है हरिद्वार,प्रयागराज, उज्जैन और नासिक।इसी वजह से इन शहरों को कुंभनगरी कहा जाता है।जिनका उल्लेख प्राचीन हिंदू शास्त्रों व पुराणों में भी मिलता है,पौराणिक ग्रन्थ के अनुसार आदिकाल में जब समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश निकला था,जिसे पाने के लिए देवताओं व असुरों में होड़ मच गई थी।तब स्वंय भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया और असुरों को छलकर अमृत देवताओं को ही पिलाया था लेकिन इस दौरान कलश के अमृत की कुछ बूंदें छलककर धरती पर आ गिरी थीं।ये बूंदें हरिद्वार,प्रयागराज,उज्जैन और नासिक और इसी वजह से इन्हीं चार स्थलों महाकुंभ का आयोजन होता है।

आप के मन उठना स्वामिक है कि हर 12 साल के बाद ही क्यों आता है।तो आप को बता दे कि अमृत के लिए असुरों और देवताओं के मध्य 12 दिनों का युद्ध हुआ था।मै स्पष्ट कर दूँ कि उस समय के12दिव्य आज के एक दिन 12 साल के बराबर है।इसी कारण महाकुंभ का आयोजन पूरे12साल के अंतर पर होता है।पौराणिक मान्यता के अनुसार कुंभ मेले में स्नान करने से मोक्ष मिलता है व इंसान के सारे पापों का अंत हो जाता है।एक विशेष पक्ष का मानना है कि यह महाकुंभ न केवल धार्मिक आयोजन है,बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत प्रदर्शन भी है।हालाकि यथार्थ की घरातल ये सभी बातें कोपल कलपित लगती है।एक ओर तो हम पृथ्वी से इसरो चन्द्रयान 3 व आदित्या एल वन चाँद व सूर्य की तस्वीर भेज रहे हो।मै यहाँ स्पष्ट कर दुँ कि मै कोई धर्म विरोधी या नास्तिक व्यक्ति नही हूँ।आध्यात्म व धर्म आस्था व धारण की अवधारणाओ पर आधारित होता है।आज जो महाकुम्भ के नाम की ब्राण्ड,मॉकेट्रिंग व विज्ञापन पोस्टर बाजी,खबरिया चैनल के माध्यम पताल भैरवी राग अलापे जा रहे है,वही दूसरी तरफ शोसल मीडिया के ओछी मानसिकता व हरकतों से कुछ लोग नाराज देख रहे है।इसका बड़ा उद्धाहरण हर्षा रिछारिया,मोनालिसा और आईआई टीन बाबा के नाम से प्रसिद्ध अभय सिंह,ये तीनों ही चेहरे महाकुंभ में ना केवल चर्चित व चर्चा में रहे बल्कि बेलगाम शोसल मीडिया के द्वारा अपने नीजी स्वार्थ सिद्धि के कारण कई चेहरों ने सोशल मीडिया पर सुर्खियां तो खुब बटोरीं टी आर पी व अपनी ब्यूबर की संख्या मिलयन में पहुंचाने के कारण इन चर्चित चेहरो को अध्यात्म व आस्था के संगम को बीच में ही छोड़कर जा चुके हैं।महाकुंभ की शुभारम्भ से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हर्षा रिछारिया को सबसे सुंदर साध्वी का तगमा तक दे दिया गया,लेकिन जब निरंजनी अखाड़े के रथ पर भी बैठ कर शाही सवारी करते नजर आईं तो इसे लेकर संत समाज में विवाद शुरू हो गया। कुछ संतों ने तो हर्षा के संग रथ पर बैठने और भगवा वस्त्र धारण करने पर अपनी आपत्ति तकजताई।यह मामला इतना तुल पकड़ गया है कि हर्षा रिछारिया ने रोते हुए महाकुंभ छोड़ने तक का ऐलान कर दिया।वहीं दूसरी ओर मोनालिसा भी महाकुंभ छोड़कर चली गई है।बताया जा रहा है कि ऐसा करने के लिए उसके पिता ने कहा था।मोनालिसा खूबसूरती की वजह से चर्चा में आई।सर्वविदित रहे कि इंदौर की रहने वाली मोनालिसा रुद्राक्ष की माला बेचने कर कुछ पैसे कमाने के लिए यहाँ आई थी।ताकि वहअपने परिवार के भरण पोषण में मदद करे सके,लेकिन महाकुंभ में उनकी खूबसूरती के कारण चर्चा में आ गई।जिसके कारण कुछ लोक उसकी तुलना सिनेजगत व स्वर्ग लोक की परी व कलाकारों से कर रहे हैं।वही सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उसकी आंखों पर काफी रिएक्शन आए।मोनालिसा की बहन ने बताया कि वह तो माला बेचने आई थी,यहाँ के लोग मोनालिसा को माला बेचने नहीं देते थे और वीडियो छुप छुप के बनाते थे,इसी के चलते वह चली गई।इसी तरह आई आई टी एन बाबा के नाम से चर्चा में आए अभय सिंह ने आई आई टी बॉम्बे से पढ़ाई की थी।उनपर आरोप है कि उन्होंने गुरु के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया था।इसी के चलते बाबा को अखाड़ा शिविर और उसके आस- पास आने पर रोक लगा दी गई है।इस पूरे मामले को लेकर अखाड़े का कहना है कि संन्यास में अनुशासन और गुरु के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है।इसका पालन न करने वाला संन्यासी नहीं बन सकता है।

उपरोक्त उदाहरण एक छोटा किन्तु कटु सत्य है।जिसकी अनदेखी नही की जा सकती है।कुछ लोगो ने तो महाकुंभ को आस्था व भावना से खिलवाड़ व एक राजनीतिक दल नीजी स्वार्थ से जोड़ दिया है।उनका तर्क है कि अगले वर्ष राज्य में विधान सभा के चुनाव होने वाले है,महाकुंभ के नाम सरकारी खजानों व सरकारी तंत्र व जिस तरह से पानी तरह से बहाया जा रहा है।व्यवस्था के नाम श्रुद्धालुओ के लिए सुविधा के नाम सिर्फ और सिर्फ खाना पुर्ति की गई है।वह सच्चे-संत साधुओं श्रुद्धाओं को कठिनाईयों का समाना करना पड़ रहा है।मौनी अमावस्या के अवसर महत्वपूर्ण के पूर्व घटित घटना ना केवल कई मासूम को जान गवाना पड़ा इसके पूर्व टेन्ट में आग लगी थी। जिसकी खबरे छन छन कर आ रही है।गोदी मीडिया अपने आकाओं की गुनगान व टी आर पी को बढ़ाने के ब्रेकिंग न्यूज देते थक नही रहें। परिणाम स्वरूप महाकुम्भ की महत्व पर कई सवाल उठाए जा रहे। वही भारत जैसे विकासशील देश के लिए सिर्फ ऐसे आयोजन जहाँ करोड़ो जनता को 5 किलो अनाज के लिए लाईनों मे खडा रहना पड़ता है।शिक्षा व स्वास्थ्य व रोजगार के लिए सड़को पर आये दिनो आन्दोलन करना पड़ता हो,धर्म की आड़ में अपने चेहते की फैक्टरी चलें,एक वर्ग के मतदाताओ को रिझा -बहका कर अपने पक्ष में वोट करवा सके। महाकुंभ की महता कम सरकार व उनके चेहते पूँजीपतियों के लिए प्रचार प्रसार के संग मार्केट्रिग कर रहें। एक संत ने तो सबाल उठाते हुए यहाँ तक कह दिया कि क्या बात पुरे कुम्भ मेला क्षेत्र सिर्फ दो व्यक्तियों की फोटो लगी।वही विपक्षी दल के नेता ने कहाँ कि कुम्भ में डुबकी लगाने से महंगाई,भुखमरी व बेरोजगारी देश से समाप्त नही होने वाली है।महाकुंभ की महत्व पर उठते कई सवाल राष्ट्र व समाज के लिए सोचने को मजबुर करती है।क्या यह वही भारत है जिसकी कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व आजादी के दीवाने, हमारे स्वतंत्रता सेनानी व संविधान निमाताओं की थी ,जिन्होने भारत को धर्म निरपेक्ष व लोकतांत्रिक देश बनाने की सपना देखा था।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## तीसरी शादी करने को तैयार राखी सावंत, पाकिस्तानी दूल्हे संग करेंगी निकाह!

**राखी सावंत हमेशा ही अपने ड्रामा, हरकतों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हाल ही में वह पाकिस्तानी गईं। वहां एक इवेंट में अपने फैंस से मिलीं। राखी सावंत ने बताया है कि वह जल्द ही शादी करने वाली हैं। यह राखी की तीसरी शादी होगी। कौन है उनका होने वाला दूल्हा?**

### डोडी खान से करेंगी शादी

राखी सावंत ने हाल ही में बताया है कि उन्हें कई रिश्ते पाकिस्तान में मिल रहे हैं। वह इनमें से किसी के बारे में सोच सकती हैं। इन्हीं रिश्तों में से एक रिश्ता डोडी खान का भी है। वह राखी को शादी के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर प्रपोज कर चुके हैं।

### भारत में रिस्पेशन करेंगी

राखी सावंत ने यह भी कहा है कि वह शादी करेंगी तो भारत में रिस्पेशन होगा। राखी का कहना है कि पाकिस्तान में उनके काफी फैंस हैं। साथ ही वह यह भी कहती हैं कि पाकिस्तानी और भारत के लोग एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते हैं। वह शादी करेंगी तो पाकिस्तानी में लेकिन रिस्पेशन भारत में होगा।

आगे राखी कहती हैं कि वह तो हनीमून का प्लान बना चुकी हैं। वह शादी के बाद दुबई में सेटल होने की बात करती हैं। वैसे राखी इन दिनों भारत से ज्यादा दुबई में रहती हैं, वहां उनका अपना एक घर भी है। राखी के करियर की बात की जाए तो वह बॉलीवुड में अपने आइटम डांस की वजह से चर्चा में आई थीं, कुछ फिल्मों और वेब सीरीज में भी वह एक्टिंग कर चुकी हैं। वह बिग बॉस रियालिटी शो का भी कई बार हिस्सा बनी हैं।

# कास्टिंग काउच पर बोलीं फातिमा सना शेख



आमिर खान की फिल्म दंगल में अभिनेत्री फातिमा सना शेख बेहतरीन अभिनय के कारण चर्चा में रहीं। एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा ने अपने फिल्म इंडस्ट्री के एक्सपीरियंस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कैसे कास्टिंग डायरेक्टर मुंबई में अभिनेताओं का फायदा उठाते थे और अक्सर उनकी कमाई में से हिस्सा भी मांगते थे।

### कास्टिंग डायरेक्टर को लेकर बोलीं फातिमा

बॉलीवुड बबल पर बातचीत के दौरान, फातिमा ने बताया कि स्टूडियो में ऑडिशन होते थे। जब अभिनेताओं को विज्ञापन के लिए भुगतान मिलता था, तो उन्हें पता चलता था कि उनकी कमाई का एक हिस्सा उसी कास्टिंग डायरेक्टर ने रखा लिया। फातिमा ने आरोप लगाया कि सभी को अपने भुगतान का 15 प्रतिशत उन्हें देना पड़ता था, भले ही आप उन्हें जानते ही न हों।

### नए लोगों का उठाते थे फायदा

फातिमा ने कहा कि बड़े कास्टिंग डायरेक्टर इसमें शामिल नहीं थे, केवल फ्रॉड लोग ही ऐसा करते थे। वहां कई ऐसे लोग थे जो नए अभिनेताओं का फायदा उठाते थे। संघर्ष कर रहे अभिनेता इस बारे में जानते ही नहीं थे, इसलिए वो इन सब चीजों का शिकार भी हो जाते थे।

### फातिमा भी हुई शिकार

फातिमा सना शेख भी इस दौरान कास्टिंग काउच का शिकार हुईं। उन्हें साउथ सिनेमा में कास्टिंग के लिए फोन आते थे। कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें असुरक्षित महसूस करवाते थे। वे पूछते थे, आप सब कुछ करने के लिए तैयार हैं न? मैं कहती थी कि मैं अच्छा काम करूंगी, एक किरदार के लिए जो जरूरी है वो सब मैं करूंगी लेकिन वे कहते थे कि मैं अच्छा काम नहीं कर रही। फातिमा ने बताया कि एक साउथ फिल्म में किए काम के सिलसिले में वे एक बार हैदराबाद में थीं। फातिमा सना शेख ने कहा कि साउथ के प्रड्यूस उनसे इस बारे में घुमा फिरा कर बात करते थे।

# खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं जुनैद खान



जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। वैलेंटाइन वीक पर यह फिल्म रिलीज हो रही है। फिल्म 'लवयापा' जेनरेशन जी से जुड़ी एक लव स्टोरी है। इन दिनों खुशी और जुनैद अपनी इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जुनैद खान ने बताया कि वह खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं। जुनैद बताते हैं कि खुशी समय से पहले हर जगह पहुंच जाती है। अगर कहीं 7 बजे आना है तो वह एक घंटा पहले वहां पहुंच जाती है। जुनैद खान कहते हैं कि मैं भी समय से पांच मिनट पहले पहुंच जाता हूं, मैं भी एक अच्छा बच्चा हूं। लेकिन सब कहते हैं कि देखो खुशी तो कब की सेट पर आ चुकी है। खुशी कपूर ने भी बताया कि जुनैद खान को हर घंटे कॉफी पीने की आदत है। जुनैद बिना कॉफी के रह ही नहीं सकते हैं।



# 33 साल बड़े एक्टर के साथ रोमांस करेंगी मालविका

कई मलयालम और तमिल फिल्मों का हिस्सा रही हैं, उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में भी डेब्यू किया वह जल्द ही प्रभास की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं, जो इस साल रिलीज होने वाली है। मालविका पहली बार अपने से दोगुनी उम्र के अभिनेता के साथ स्क्रीन पर रोमांस करती नजर आएंगी। 123 तेलुगु के मुताबिक मालविका मोहनन अभिनेता मोहनलाल की 'हृदयपूर्वम' में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। मालविका और मोहनलाल की उम्र में 33 साल का फासला है। फिल्म 10 फरवरी को फ्लोर पर आएगी। अभिनेत्री के अलावा संगीता, सिद्दीकी, संगीत प्रताप, निशान, लालू एलेक्स और जनार्दन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# क्या एसएसएमबी29 की शूटिंग को लेकर एसएस राजामौली ने उठाया ये कदम?


'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' जैसी साउथ फिल्मों में देश-दुनिया में फेमस करने वाले डायरेक्टर एसएस राजामौली अब एक और बिग बजट फिल्म 'एसएसएमबी29' ला रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार डायरेक्टर राजामौली ने अपनी इस फिल्म को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।


### शूटिंग को रखना चाहते हैं सीक्रेट

हाल ही में एसएस राजामौली ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में लीड रोल में साउथ स्टार महेश बाबू हैं, प्रियंका चोपड़ा भी इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही डायरेक्टर राजमौली इस फिल्म की शूटिंग को भी सीक्रेट रखना चाहते हैं। इससे जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक होने से बचाना चाहते हैं।

### क्या साइन करवाया है कॉन्ट्रैक्ट

अपनी फिल्म की शूटिंग को सीक्रेट रखने के लिए एसएस राजामौली ने एक बड़ा कदम उठाया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने अपने क्रू और एक्टर्स से नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत किसी को भी फिल्म से जुड़ी जानकारी सेट से बाहर नहीं करनी होगी। साथ ही सेट पर अपना फोन भी नहीं लाना होगा। अभी तक इस बात की पुष्टि फिल्म मेकर्स की तरफ से नहीं की गई है। ''एसएसएमबी29' को एक जंगल एडवेंचर फिल्म माना जा रहा है। इस फिल्म का बजट भी 1000 करोड़ रुपये बता जा रहा है। इस फिल्म को देश और विदेश की कई लोकेशन पर शूट किया जाएगा। अफ्रीका के जंगलों में भी इस फिल्म की शूटिंग होगी





# हार्टब्रेक और पार्टनर को लेकर शाहिद कपूर ने की बात

शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने कामकाज के साथ निजी जीवन को लेकर भी बहुत सारी बातें की हैं। उन्होंने प्यार, हार्ट ब्रेक को लेकर भी बात की है। शाहिद ने कहा कि हमें देखना होगा कि प्यार हमारे अंदर की अच्छाई बाहर लाता है या बुराई।

### हार्टब्रेक पर बोले अभिनेता

राज शमानी के एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने हार्टब्रेक पर बात की है। उन्होंने कहा, कई बार जब आपका दिल टूटता है तो आपको लगता है कि आप बिल्कुल भी अच्छे इंसान नहीं हैं। शाहिद कपूर ने कहा, जब आप किसी को बहुत प्यार करते हैं और रिजेक्ट फील करते हैं तो आप उसे पाने के लिए बहुत कोशिश करते हैं।

### प्यार के बारे में ऐसा सोचते हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कहा कि दिल टूटने से मिली सीख बहुत खास होती है। प्यार अपने आप में बहुत स्ट्रांग बॉन्ड है, यह पहचानना जरूरी है कि क्या रिश्ता आपके अंदर की सबसे अच्छी चीज सामने लाता है या सबसे बुरी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आखिरकार, आपको खुद के साथ रहना है।

### प्यार सिखाता है शाहिद कपूर

शाहिद ने इस इंटरव्यू में प्यार पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्यार ने उन्हें सिखाया, केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे व्यक्ति से कुछ नहीं मांगना चाहिए। हमें अपने पार्टनर की चीजों को भी समझना चाहिए।

### देवा में नजर आने वाले हैं शाहिद

बता दें शाहिद कपूर की फिल्मदेवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। इस फिल्म की रिलीज से पहले यह कहा जा रहा है कि फिल्म से लिपलॉक सीन हटाया गया है। यह दावा अरुण दीप नाम के एक शख्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किया है।



# मैं आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं, किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से भी नहीं देखा

तमन्ना भाटिया ने बॉलिवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज बनाने का काम किया है। वह दोनों ही इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ बड़ी सरलता और सहजता के साथ काम करती जा रही हैं। अदाकारा कहती हैं कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता है लेकिन ऑडियंस आपको कब अपनाएगी ये आपके हाथ में नहीं होता। शायद, इसीलिए वह कहती हैं कि ऐक्टर को अपने काम से ऑडियंस को पटाकर रखना चाहिए। बीते दिनों वह अपने पापा की जन्मस्थली लखनऊ आईं तो हमसे उन्होंने खूब बातें कीं। इस दौरान उन्होंने सफलता के मायने से लेकर दिल की कसक तक का हाल बयां किया।

### ओटीटी में कमाई के नंबरों का दबाव नहीं होता

मुझे लगता है कि हिरोइन सेंट्रिक फिल्में बहुत पहले से बनती आ रही हैं। 2024 की शुरुआत मैंने एक तमिल फिल्म आरनमनई-4 से की थी। उसने 100 करोड़ कमाए। वो थिएटर रिलीज थी और बस तमिल भाषा में ही आई थी। इसमें मेरे साथ राशि खन्ना थीं।

मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की वजह से ज्यादा हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बन रही हैं। पहले भी श्रीदेवी, माधुरी, ऐश्वर्या को लेकर हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बनी हैं। श्रीदेवी मैम की जुदाई, इंग्लिश-विंग्लिश, मदर्स तो मुझे बहुत पसंद है। हां, यह जरूर है कि ओटीटी हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका देता है। ऐसी अलग-अलग फिल्में करने दे रहा है, जिनमें कमाई के नंबर्स का कोई दबाव नहीं है। यह प्लैटफॉर्म इस किस्म का दबाव कलाकारों के ऊपर से उतार देता है। ओटीटी में एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं। अलग-अलग कहानियां बता सकते हैं और अलग-अलग व नए लोगों को मौका दे सकते हैं। एक सिनेमा हॉल में मास अपील होनी जरूरी है, नहीं तो वह फिल्म नहीं चलेगी। कई बार फिल्में लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं लेकिन ओटीटी हर कोई अकेले या दोस्तों के साथ देखता है। आपके पास वहां पर विकल्प हैं कि आपको कौन सी फिल्म देखनी है। यह मौका बस आपको ओटीटी ही देता है।


### एक दौर के बाद ऑडियंस नहीं अपनाती है

मुझे लगता है कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता लेकिन ऑडियंस उसे कब अपनाएगी, ये उसके हाथ में नहीं होता है। एक ऐक्टर का धर्म यही है कि वो अपना काम ईमानदारी से करता जाए। यह बड़ा हास्यास्पद है कि आप शायद एक दौर में प्रासंगिक होंगे लेकिन कुछ साल बाद वही ऑडियंस आपको नहीं अपनाएगी। एक कलाकार के तौर पर आपको किसी ना किसी तरह से अपने काम से दर्शकों को पटाकर रखना होगा। लगातार उनको अपना हुनर किसी ना किसी तरह से दिखाना पड़ेगा कि आप क्या क्रांति अपने काम के साथ कर रहे हो।

### यह गलतफहमी है कि सफलता मिलेगी तो सेट हो जाऊंगा

खुशनसीब हूं कि मुझे दर्शकों का बहुत जल्दी प्यार मिल गया था। मुझे वो दिन आज भी याद है, जब मैंने अखबार खोलकर देखा और उसमें मेरे काम की बहुत तारीफ लिखी थी। मैं उसको पढ़कर परेशान हो गई कि अब क्या नया करूंगी। कैसे अपने टैलंट को बढ़ाऊंगी, ताकि जो पैरामीटर सेट किया गया है, वह बरकरार रहे। बहुत से लोगों को गलतफहमी है कि जिस दिन सफलता मिलेगी, उस दिन मैं सेट हो जाऊंगा। दरअसल, ऐक्टर की सफलता इस पर तय होगी कि अब क्या नया करोगे। सेट होने वाली सोच भ्रामक है। आप सफलता के पीछे नहीं भाग सकते। बस आप अपने ऐक्टिंग करियर पर फोकस कर सकते हैं, ताकि सफलता तक पहुंचने का रास्ता तय कर सकें। आप जो कुछ करें, उसमें आपका प्यार नजर आना चाहिए। आप पूरी तरह उसमें डूब जाएं। अब के दौर में सफलता और असफलता कोई परमानेंट रहने वाली चीज नहीं रह गई है।

### आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिली



मैं क्लासिकली ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मन में हमेशा इसकी कसक रहेगी। मैंने तय किया है कि जब-जब फ्री रहूंगी तो थोड़ी-थोड़ी ट्रेनिंग लेती रहूंगी। मुझे लगता है कि क्लासिकल डांस की कई सारी टेक्नीक्स हैं, जो बहुत उपयोगी होती हैं। ये हर तरह से बहुत काम आती हैं। मैं हमेशा ही सेट पर उन टेक्नीक्स को सीखने की कोशिश करती हूं। इसको सीख लेने से आपकी चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। रही बिग बी की बात तो मैं आजतक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं। यहां तक कि किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से नहीं देखा है। मेरी उनसे मिलने की बहुत तमन्ना है।

# चौथे टी20 में टीम इंडिया को इंग्लैंड से मिलेगी कड़ी टक्कर, पुणे में आसान नहीं होगी जीत

**देहरादून (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार, 31 जनवरी को चौथा टी20 मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया इस मुकाबले को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। हालांकि, पुणे में खेले जाने वाले चौथे टी20 में टीम इंडिया को इंग्लैंड से कड़ी टक्कर मिलनी वाली है। इससे पहले राजकोट में खेले गए तीसरे टी20 में भारत को 36 रनों से हार झेलनी पड़ी थी। फिलहाल, पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत 2-1 से आगे है।

वहीं चौथे टेस्ट से पहले सबसे बड़ा सवाल ये है कि प्लेइंग इलेवन में किसे मौका मिलेगा। क्योंकि रिंकू सिंह के चोटिल होने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सात नंबर पर मौका दिया गया था। जुरेल दूसरे और तीसरे टी20 में टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन दोनों ही मौकों पर वह फेल हुए। ऐसे में कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के सामने बड़ा सवाल ये है कि क्या ध्रुव जुरेल पर फिर से भरोसा किया जा सकता है।

साथ ही विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का प्रदर्शन भी उम्मीद के मुताबिक नहीं है। तेज रफ्तार के सामने संजू की कमजोरी साफ दिख रही है। सैमसन की खराब फॉर्म चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। मौजूदा सीरीज में उनका स्कोर 26,05 और 03 रहा है, जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से ज्यादा गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे हैं। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिए परेशानी का कारण बन गई है।

रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया, लेकिन वह इस फॉर्मेट में फिट नहीं हो पा रहे। ऐसे में कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव को सोचना होगा कि क्या अब रमनदीप सिंह को मौका देना चाहिए। रमनदीप सिंह एक फिनिशर होने के साथ बेहतर तेज गेंदबाज हैं।

वहीं मिडिल ऑर्डर भारत के लिए बड़ा



परेशानी का सबब बना हुआ है। भारत का मिडिल ऑर्डर इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल रशीद का सामना नहीं कर पा रहा है। वहीं शिवम दुबे, जिन्हें नितीश रेड्डी के चोटिल होने पर टीम में जगह मिली है, उन्हें मौका देना बनता है। दुबे स्पिन के सामने बड़े छक्के लगाने में माहिर हैं। ऐसे में अब ये देखना दिलचस्प होगा कि दुबे को मौका मिलता है या नहीं।

साथ ही तीसरे टी20 में लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को रेस्ट दिया गया था। नतीजन टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी। ऐसे में अब एक सवाल ये भी है कि क्या अर्शदीप सिंह को मोहम्मद शमी की जगह वापस लाया जाए। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रमनदीप सिंह, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), बेन डकेट, फिल साल्ट, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी स्मिथ, जेमी ओवरटन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

## नर्मदा ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता गोल्ड, राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा



**देहरादून (एजेंसी)।** विश्व कप की पूर्व विजेता नर्मदा नितिन राजू ने यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान एशियाई खेलों की पदक विजेता रमिता जिंदल और ओलंपियन इलावेनिल वालारिवन सहित कई मजबूत निशानेबाजों को मात देते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने से महज एक अंक के दशमलव से आगे के हिस्से से चूक गईं।

तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहीं नर्मदा ने 8 निशानेबाजों के फाइनल में 254.4 के स्कोर के साथ पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया तथा महाराष्ट्र की आर्या बोरसे (252.5) और रमिता (230.4) को पछाड़ा। इस प्रक्रिया में उन्होंने ओलंपियन अपूर्वी चंदेला के नयी दिल्ली में 2019 विश्व कप में बनाए गए 252.9 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस स्पर्धा का विश्व रिकॉर्ड 254.5 अंक का है जो पिछले साल नयी दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में चीन की हुआंग युटिंग ने बनाया था।

नर्मदा ने 2023 काहिरा विश्व कप में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और इसी साल भोपाल में विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद से यह 23 वर्षीय निशानेबाज की इस स्पर्धा में यह तीसरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। नर्मदा बुधवार को क्वालीफिकेशन दौर में तीसरे स्थान पर रही थीं। आत्मविश्वास से भरी इस निशानेबाज ने फाइनल में अपने अधिक प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाने के लिए शानदार स्कोर बनाए।

## वॉन ने दी सूर्यकुमार को सलाह, हर गेंद पर शॉट न लगायें

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को अपना फार्म हासिल करने के लिए विकेट पर टिककर खेलने की सलाह दी है। वॉन ने कहा कि हर गेंद पर शॉट नहीं लगाया जा सकता और ये बात सूर्यकुमार को समझनी होगी। वान ने कहा कि उन्हें अपनी बल्लेबाजी में संतुलित रवैया अपनाना होगा। सूर्यकुमार इंग्लैंड के खिलाफ तीनों ही टी20 मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। इसी को लेकर वॉन ने कहा कि सूर्यकुमार मैदान पर उतरते ही चौके , छक्के लगाने के प्रयास में लग जाते हैं जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। इसलिए उन्हें शॉट लगाने से पहले क्रीज पर कुछ समय बिताना चाहिये। सूर्यकुमार अब तक इस सीरीज में बल्लेबाजी के दौरान एक बार भी 20 रन तक नहीं बना पाये हैं। उसके आउट होने का मुख्य कारण गलत समय पर आक्रामक शॉट लगाना रहा है, या तो गेंद को पीछे की तरफ ले जाना या फिर हवा में गलत तरीके से मारना। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम पावरप्ले में अधिक से अधिक रन बनाना चाहती है पर सूर्यकुमार को टीम में अपना पूरा योगदान देने के लिए अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभाना चाहिये। वॉन ने कहा, लगातार कुछ मौकों पर वह काफी आसानी से आउट हो रहे हैं। जब आप कहते हैं कि हर समय आक्रामक रहें, तो इसका मतलब है कि सही गेंद का चयन करके आक्रामक होना चाहिये। आप हर गेंद को बाउंड्री पर नहीं मार सकते पर इस युग के कुछ खिलाड़ियों में इतना कौशल और प्रतिभा है कि उन्हें लगता है कि वे ऐसा कर सकते हैं जबकि संभव नहीं है। उन्होंने कहा, भारत के वापस आने के लिए और मुझे भरोसा है कि वे ऐसा करेंगे। इसके लिए सूर्यकुमार को यह कहने की ज़रूरत होगी, ठीक है, मुझे बस 15 गेंदें खेलनी हैं, खुद को तैयार करना है, मैदान के आयामों को देखना है।

## अंडर-19 विश्व कप : सेमीफाइनल में भारत का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारतीय टीम अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ उतरेगी तो टूर्नामेंट का अपना अपराजेय अभियान जारी रखना उसका लक्ष्य होगा। पहले मैच में मेजबान मलेशिया को दस विकेट से हराने के बाद भारत ने श्रीलंका को 60 रन से और बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया। वहीं सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड को 150 रन से मात दी।

निक्की प्रसाद की कप्तानी वाली टीम के लिए स्कॉटलैंड के खिलाफ जी तृषा ने 59 गेंद में 110 रन बनाए जिसमें 13 चौके और चार छक्के शामिल थे। वहीं उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी ने 42 गेंद में 51 रन की पारी खेली। तृषा टूर्नामेंट में पांच मैचों में 76.66 की औसत से 230 रन बना चुकी है। इंग्लैंड की बल्लेबाज डेविना पेरिन 131 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है।



भारत ने स्कॉटलैंड को सिर्फ 58 रन पर आउट कर दिया था। आयुषी शुक्ला ने आठ रन देकर चार, वैष्णवी शर्मा ने पांच रन देकर तीन और तृषा ने छह रन देकर तीन विकेट लिए। वैष्णवी अब तक 12 और आयुषी दस विकेट ले चुकी हैं।

**टीमें**

**भारत :** निक्की प्रसाद (कप्तान), सानिया शाल्के, जी तृषा, जी कमलिनी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी धृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस।

**इंग्लैंड :** एबी नोरग्रोव (कप्तान), फीबी ब्रेट, ओलिविया ब्रिसडेन, टिली कोर्टीन कोलमैन, टूडी जॉनसन, कैटी जोंस, चा ौंस लैम्बार्ट, इव ओनील, डेविना पेरिन, जेमिमा स्पे ़, चार्लोट स्टब्स, अमृता सुरेनकुमार, पृषा थानावाला एरिन थॉमस, ग्रेस थाम्पसन।

## रणजी ट्रॉफी मैच में उमड़ी भीड़, सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट के पास पहुंचा एक प्रशंसक

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली एक दशक से अधिक समय बाद यहां के अरुण जेटली स्टेडिमय में रणजी ट्रॉफी मैच खेलने पहुंचे ।इस दौरान विराट को देखने भारी तादाद में लोग स्टेडियम पहुंच गये । प्रशंसकों की तादाद इतनी अधिक थी कि स्टैंड दर्शकों से खचाखच भरा नजर आया । प्रशंसक उनकी एक झलक पाने के लिए उमड़ पड़े । इसी दौरान एक प्रशंसक सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान पर विराट के पास पहुंचा और उनके पैस छुए । सुरक्षा अधिकारियों ने किसी प्रकार उसे वहां से हटाया ।

यह घटना रेलवे की बल्लेबाज के 12वें ओवर में हुई ।उस समय विराट दूसरी स्लिप पर फिल्डिंग कर रहे थे ।जैसे ही एक प्रशंसक विराट के करीब पहुंचा स्टेडियम में मौजूद लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया । सुरक्षाकर्मी इस व्यक्ति को हटाने के लिए दौड़े पर कोहली ने उन्हें शांत रहने का इशारा किया ।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने कहा कि कोहली की वापसी पर लगभग 10,000 प्रशंसकों के आने की उम्मीद की थी पर उससे भी कहीं ज्यादा प्रशंसक आ गये ।इस प्रकार की भीड़ रणजी ट्रॉफी में नहीं होती ।अधिकारियों ने कहा कि स्टेडियम में मैच देखने के लिए 15,000 से अधिक प्रशंसक मौजूद हैं । इसका एक कारण कोई टिकट नहीं होना थी था ।इस मैच में शुरुआत से ही दिल्ली के गेंदबाज हावी रहे और उन्होंने रेलवे के बल्लेजों को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया ।

## आईपीएल में श्रेयस के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं सूर्यांश



मुंबई ।मुंबई के युवा ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे आजकल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों में लगे हैं । सूर्यांश को पहली बार आईपीएल खेलने का अवसर मिला है । उन्हें गत वर्ष हुई मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीदा था । सूर्यांश आईपीएल में कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ खेलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं । इसे युवा क्रिकेटर ने घरेलू क्रिकेट में पिछले दिनों मुंबई की ओर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। सूर्यांश ने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए केवल 15 गेंद में नाबाद 36 रन बनाने के साथ ही 32 रन देकर एक विकेट भी लिया था । अय्यर की कप्तानी में सूर्यांश ने घरेलू क्रिकेट में खेला है ।ऐसे में अब उनका मानना है कि अय्यर के आईपीलए में पंजाब किंग्स का कप्तान हाने से उन्हें खिलाड़ियों के साथ तालमेल बिठाने में सहायता मिलेगी । उन्होंने कहा, 'अगर आप पिछले कुछ साल में पंजाब किंग्स के रिकॉर्ड को देखें तो वे हमेशा नयी प्रतिभाओं में निवेश करते हैं और घरेलू क्रिकेट पर बारीकी से नजर रखते हैं । शेडगे ने कहा, 'मैं फेंचाइजी का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं ।अय्यर के कप्तान होने से मेरे लिऐ और भी आसान इसलिए रहेगा क्योंकि मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं । वह टीम के कोच रिकी पोंटिंग के मार्गदर्शन में काम करने को लेकर खास तौर पर उत्साहित हैं । उन्होंने कहा, ' पोंटिंग महान खिलाड़ी हैं। संन्यास के बाद वह लगातार क्रिकेट से जुड़े रहे हैं । ऐसे में उनसे काफी कुछ सीखने को मिलेगा ।

## एफआईएच प्रो हॉकी लीग के भुवनेश्वर चरण में सलीमा की कप्तानी में उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 15 फरवरी से होने वाले एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी सलीमा टेटे के पास ही रहेगी। इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को भारतीय टीम में जगह मिली है जबकि युवा फॉरवर्ड सोनम को भी स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर शामिल किया गया है। भारतीय टीम को इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से दो दो मुकाबले खेलने हैं।

भारतीय टीम की उपकप्तानी नवनीत कौर के पास रहेगी। अनुभवी डिफेंडर निक्की प्रधान, ज्योति छत्री , मिडफील्डर बलजीत कौर और फॉरवर्ड मुमताज खान तथा रूतुजा डडास को भी टीम में जगह मिली है। टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा है कि टीम में अनुभवी और



युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ये शीर्ष स्तर के टूर्नामेंट के लिये सबसे जरुरी होता है। साथ ही कहा कि हमारा ध्यान संतुलित टीम पर रहा है जिसमें हर पोजिशन के लिये अच्छे विकल्प उपलब्ध हों।'' गोलकीपर बांवरी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता ढेकाले और ज्योति सिंह, फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नु और सोनम को भी स्टैंडबाय के रूप में शामिल किया गया है। स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर शामिल सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग में ानदार प्रदर्शन किया और वह सबसे अधिक ाल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे थान पर रही थीं। हरेंद्र ने कहा, '' हमें टीम की यारियों पर भरोसा है और हमारा मानना है कि ह विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ ानदार प्रदर्शन कर सकती है।''

**भारतीय टीम :** गोलकीपर = सविता ौर बिछू देवी खारीबाम डिफेंडर = सुशीला ानू, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका ौधरी और ज्योति छत्री मिडफील्डर =वैष्णवी ाठ्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टे , सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, लजीत कौर, शर्मिला देवी। फॉरवर्ड = वनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, ्तुजा पिसाल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, ापिका और वंदना कटारिया।

## सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन समारोह में निदेशक के तौर पर शामिल हुई सारा




मुम्बई ।सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) की ओर से बीते दिनों मुंबई के बॉम्बे क्लब में एक सामूहिक समारोह आयोजित किया गया था। इसमें सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर फाउंडेशन में निदेशक की भूमिका में पहली बार शामिल हुईं ।इसमें सारा युवाओं से जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में उनकी मदद करने पर केंद्रित नया एक नया दृष्टिकोण लेकर आई हैं ।समारोह खत्म होने के कुछ दिन बाद सारा ने सोशल मीडिया पर समारोह की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं ।इसमें उनकी एक तस्वीर मां और पिता के साथ है ।फाऊंडेशन समारोह को सचिन तेंदुलकर की पत्नी अंजलि तेंदुलकर ने भी संबोधित किया और भविष्य की योजनाओं पर बात की । समारोह में कई दिग्गज हस्तियां भी पहुंचीं थीं । मशहूर गायक शंकर महादेवन भी विशेष तौर पर पहुंचे । समारोह में सारा तेंदुलकर की दोस्त भी पहुंची थीं। सारा फाऊंडेशन समारोह के दौरान बेहद खुश दिखीं। फाऊंडेशन समारोह के अंत में सचिन ने फाऊंडेशन से जुड़ी एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ तस्वीरें भी शेयर की। सचिन ने फाऊंडेशन शुरू करने के कार्य और भविष्य की योजनाओं पर भी खुली बात की। बहरहाल, समारोह में कोल्डप्ले के मुख्य गायिक क्रिस मार्टिन विशेष तौर पर पहुंचे थे । फाउंडेशन की यात्रा पर विचार करते हुए सचिन ने कहा कि जब मैं आखिरी बार पवेलियन की ओर लौटा, तो मेरे मन में यह भाव था कि मेरी पारी अभी खत्म नहीं हुई है ।अंजलि और मेरा यह सपना था कि जरुरतमंदों के लिए कुछ आसान किया जाए और युवा सपने देखने वालों को खुद पर विश्वास करने और उड़ान भरने में मदद की जाए । हमने महसूस किया कि विचार का अंकुरण इसे लागू करने से कहीं ज्यादा आसान था। आखिरकार ये फाऊंडेशन अस्तित्व में आया और अब हम अपना काम करते हुए आधा दशक पार कर चुके हैं, आगे भी ये सफलर इसी गति के साथ जारी रहेगा ।

## पार्थिव ने पंड्या की बल्लेबाजी के तरीके पर सवाल उठाये



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पर निशाना साधा है। पार्थिव ने कहा है कि पंड्या ने इंग्लैंड के बीच तीसरे टी20 में ठीक से स्ट्राइक रोटेट नहीं की । इस मैच में पंड्या ने हालांकि 40 रन निकले। इसके बाद भी पार्थिव ने उनकी बल्लेबाजी के तरीके पर नाराजगी जतायी है। इस पूर्व विकेटकीपर के अनुसार पंड्या ने बीच के ओवर्स में स्ट्राइक रोटेट नहीं की। उन्होंने कई बार एक रन लेने से इनकार किया। वह ज्यादा गेंदे खेले इसके कारण बाकी बल्लेबाजों पर दबाव बना। पार्थिव के मुताबिक टीम इंडिया को हार्दिक पंड्या के बल्लेबाजी के तरीके पर ध्यान देना चाहिये।

पार्थिव ने क ा , मैं समझता हूं कि जब आप अपना समय ले रहे हैं तो आप पिच की गति और उछाल से अभ्यस्त होना चाहते हैं पर आप जमने के लिए ही 20 से 25 गेंदें नहीं ले सकते। अगर अ प ऐसा नहीं करते हैं। आप बड़े शॉट नहीं खेलना चाहते ये ठीक है पर आपको फिर भी स्ट्राइक रोटेट तो करते रहना होगा। आप लगातार तीन या चार डॉट बॉल नहीं खेल सकते हैं। पटेल ने कहा कि, आप पंड्या को 34 गेंदों में 40 रन बनाते हुए देख स कते हैं पर उनकी पारी की डॉट बॉल से अन्य बल्लेबाजों पर भी बाव पड़ता हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि ये कुछ ऐसा है जिस े बारे में प्रबंधन को सोचना होगा।

## उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट में लगाया दोहरा शतक, 38 की उम्र ऐसा करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बने

**गाले (एजेंसी)।** उस्मान ख्वाजा टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले 38 साल या उससे अधिक उम्र के दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनकर महान डोनाल्ड ब्रैडमैन के साथ अपना नाम दर्ज करा लिया। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ख्वाजा ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया। ख्वाजा श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले उन्होंने कोलंबो में 2004 में जस्टिन लैंगर द्वारा बनाए गए 166 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था, जो श्रीलंका में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर था।

वह 2006 में बांग्लादेश के खिलाफ जेसन गिलेस्पी के प्रसिद्ध 201 नाबाद के बाद एशिया में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए। टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले अन्य खिलाड़ी मैथ्यू हेडन (चेन्नई में भारत के खिलाफ नाबाद 201), डीन जोन्स (1986 में मद्रास में बराबरी पर रहे टेस्ट में भारत के खिलाफ 210), ग्रेग चैपल (1980 में फैसलाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ 235 और मार्क टेलर (1998 में पेशावर में पाकिस्तान के खिलाफ 334 नाबाद) हैं। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल 482/3 पर बल्लेबाजी कर रहा है जिसमें ख्वाजा (208*) और डेब्यू करने वाले जोश इंगलिस (47*) मध्यक्रम में नाबाद हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन बारिश के कारण समय से पहले खेल समाप्त होने के बाद 15 मिनट पहले खेल शुरू करके 330/2 से फिर से शुरुआत की। ख्वाजा और कप्तान स्टीव स्मिथ ने पिछली शाम को जहां से छोड़ा था, वहीं से आगे बढ़ते हुए तीसरे विकेट के लिए 266 रन की साझेदारी की जो श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी टेस्ट साझेदारी है। मेहमान टीम ने नॉन-स्ट्राइकर छोर पर रन आउट के एक मौके को चूकने के बाद ओवरथ्रो के जरिए 400 रन का आंकड़ा पार किया जिससे ख्वाजा 177 रन पर आउट होने से बचे। लेग स्पिनर जेफरी वेंडरसे ने 100वें ओवर में इस मैराथन साझेदारी को तोड़ा, जब श्रीलंका ने स्मिथ के खिलाफ स्टंपिंग की मांग को सफलतापूर्वक खारिज कर दिया, जो 141 रन पर पैड पर लपके गए।



## चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रोमो में बर्फीली हवाओं के बीच बैठे दिखे धोनी

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के प्रोमो में एक नये अंदाज में नजर आये हैं ।इस प्रोमो को देखकर प्रशंसक उत्साहित हैं ।प्रोमो जब खुलता है तो दर्शक पाते हैं कि कैसे धोनी बर्फीली हवाओं के बीच बैठे हैं और चैम्पियंस ट्रॉफी पर बात करते नजर आते हैं ।विज्ञापन में धोनी कहते हैं, जब मैं कप्तान था तो कूल रहना आसान था पर प्रशंसक बनकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी देखना आसान नहीं है ।भले ही हमारी टीम मजबूत है पर एक मैच भी हार जाएं, तो बाहर हो जाएगी, ऐसे में तनाव होना ही है ।इस तनाव ने तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हर मैच करो या मरो का हो गया है ।इस प्रोमो के दौरान दौरान धोनी को रैफरल लेते हुए भी दिखाया जाता है ।तभी एक ट्रक आता है और बहुत सारी बर्फ धोनी पर डालकर चला जाता है। उक्त प्रोमो पर जमकर प्रशंसकों की काफी प्रतिक्रियाएं भी आयी हैं ।जहां कई प्रशंसकों ने प्रोमो पर कैप्टन कूल लिखा तो कईयों ने धोनी की इस अदा की सराहना की है ।वहीं एक प्रशंसक ने लिखा, चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रचार वीडियो में महान धोनी अपने ब्रांड और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं ।

## छात्र यहां बसने की उम्मीद लेकर ना आएं : कनाडा

ओटावा । कनाडा के इमिग्रेशन मिनस्टर ने भी एक बयान में कहा है कि स्टडी वीजा पर आने वाले छात्र यहां बसने की उम्मीद लेकर ना आएं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय, साइमन फ्रेजर विश्वविद्यालय और विक्टोरिया विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख संस्थानों का कहना है कि उनके अंतरराष्ट्रीय छात्र नामांकन स्तर पहले से ही 30 प्रतिशत की सीमा से नीचे हैं। ऐसे में नई गाइडलाइन से उन पर कोई सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांक क्वांटलेन पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय ने 2023-24 शैक्षणिक वर्ष के लिए अपने 36 प्रतिशत नामांकन के साथ नई सीमा को पार कर लिया है। इस महीने प्रभावी होने वाले दिशानिर्देशों में आगामी वर्ष से तय समय सीमा को फॉलो करना होगा। कनाडा सरकार वर्तमान में तेजी से जनसंख्या वृद्धि के बीच आप्रवासन को धीमा करने के प्रयास में विदेशी छात्रों के लिए दीर्घकालिक वीजा जारी करने की भी समीक्षा कर रही है। इमिग्रेशन मिनस्टर मार्क मिलर ने विदेशी छात्रों की संख्या को घरेलू बाजार की मांग के अनुपात में रखने पर जोर दिया है। कनाडा की नीति शिक्षित आप्रवासियों और छात्रों का स्वागत करने की रही है लेकिन हालिया समय में उसकी नीति में बदलाव आया है। मंत्री मिलर इस बात पर जोर दे रहे हैं कि स्टडी वीजा को कनाडा में बसने की गारंटी की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। स्टडी वीजा पढ़ाई की इजाजत देता है और उसे उसी तरह से देखा जाना चाहिए। बता दें कि कनाडा में विदेशी छात्रों की संख्या को सीमित करने के लिए ब्रिटिश कोलंबिया (बीसी) प्रान्त की सरकार ने नए दिशा निर्देश जारी किए हैं। बीसी सरकार ने सार्वजनिक पोस्ट सेकेंडरी संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय छात्र नामांकन को कुल छात्रों के 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। पोस्ट सेकेंडरी एजुकेशन एंड स्किल मिनिस्ट्री ने कहा है कि छात्रों के नामांकन की सीमा तय करने का मकसद संस्थानों पर दबाव कम करना है। गाइडलाइन में सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा रणनीतिक योजना प्रस्तुत करनी होगी। कॉलेजों की निगरानी प्रांत के प्रशासन की ओर से की जाएगी।

## 15 राज्यों के गवर्नर हेरिस के समर्थन में, लोकप्रियता में ट्रंप पिछड़े

न्यूयॉर्क । वर्तमान राष्ट्रपति वाइडेन के चुनाव मैदान से हटने और कमला हैरिस का नाम राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सामने आने के बाद, अमेरिका की राजनीति में जबरदस्त उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। कमला हैरिस का नाम सामने आते ही रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में 10 फ़ीसदी की गिरावट देखी जा रही है। जिन राज्यों से ट्रंप को भारी समर्थन मिल रहा था। उन राज्यों में भी कमला हैरिस का नाम सामने आने के बाद ऑनलाइन सर्वे में ट्रंप की लोकप्रियता में गिरावट आई है। कमला हैरिस को 24 घंटे के अंदर 15 डेमोक्रेटिक गवर्नर तथा 55 सीनेटरों का समर्थन मिला है। राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस का नाम सामने आते ही, अब डोनाल्ड ट्रंप को अपनी रणनीति को बदलना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप को कमला हैरिस के पक्ष में जो सहानुभूति की लहर चल रही है। उसका मुकाबला करना पड़ेगा। कमला हैरिस अमेरिका के इतिहास में राष्ट्रपति पद के लिए पहली अश्वेत महिला हैं। अमेरिका की 25 फ़ीसदी आबादी अश्वेत मतदाताओं की है। कमला हैरिस गर्भपात के अधिकार की समर्थक रही हैं। कमला हेरिस अटॉर्नी रह चुकी हैं। वह ट्रंप के क्रिमिनल रिकॉर्ड को चुनावी प्रचार का हथकंडा बनाएंगी। ट्रंप के लिए कमला हेरिस को घेरना अब मुश्किल हो जाएगा।

**10 घंटे में 435 करोड़ का चंदा** - कमला हैरिस की उम्मीदवारी घोषित होते ही 10 घंटे के अंदर 435 करोड रुपए का चंदा इकट्ठा हुआ। 2020 के चुनाव में एक दिन के अंदर 295 करोड रुपए का रिकॉर्ड चंदा एकत्रित हुआ था। इस बार 10 घंटे में ही 435 करोड रुपए इकट्ठे हो गए।

## अमेरिका के फ्लोरिडा का फोर्ड लाडरडेल अरबपतियों का नया पसंदीदा शहर

न्यूयॉर्क । अमेरिका के फ्लोरिडा का फोर्ट लाडरडेल शहर अरबपतियों का नया ठिकाना बन रहा है। फ्लोरिडा के इस शहर में बड़ी संख्या में अरबपति आकर बस रहे हैं। यहां की प्रॉपर्टी में याटपार्क करने की सुविधा है। जैफ बेजोस, कैन ग्रिफिन, लियोनेल मेसी जैसे दिग्गज यहां पर प्रॉपर्टी ले चुके हैं। अन्य अरबपति और खरबपति भी यहां प्रॉपर्टी में निवेश कर रहे हैं। पिछले डेढ़ साल में यहां संपत्तियों की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। डेढ़ साल पहले जो बंगला ढाई सौ करोड रुपए का था। अब वह 400 करोड रुपए में बिका है। कहा जा रहा है, अरबपतियों का यह नया गढ़ बन गया है। जिसके कारण आने वाले समय में यहां प्रॉपर्टी की कीमत और भी तेजी के साथ बढ़ेगी।

## सऊदी सरकार का फैसला, अब स्थानीय लोगों को दी जाएगी नौकरी, भारतीयों पर मंडराने लगा खतरा

रियाद। सऊदी अरब की सरकार ने नौकरियों में स्थानीय लोगों को ज्यादा मौका देने का फैसला लिया है। सऊदी अरब ने निजी क्षेत्र में 25 फीसदी इंजीनियरिंग नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित कर दी हैं। नौकरियों को लोकेलाइज करने का यह फैसला 21 जुलाई से लागू कर दिया गया है। देश के मानव संसाधन और सामाजिक विकास मंत्रालय, नगर निगम और आवास मंत्रालय ने इस संबंध में ये फैसला किया है। स्थानीयकरण का ये फैसला इंजीनियरिंग व्यवसायों में पांच या उससे ज्यादा कामगारों को रोजगार देने वाले निजी प्रतिष्ठानों पर लागू होगा। छोटे प्रतिष्ठानों, जिनमें कर्मचारियों की संख्या चार तक है, वहां ये नियम लागू नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ये फैसला कई क्षेत्रों में देश के पुरुष और महिला नागरिकों के लिए रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा करेगा। सऊदी के इस फैसले से स्थानीय लोगों को नौकरी मिलने में आसानी होगी। देश में केमिकल इंजीनियर, सिविल इंजीनियर, फ्लाइट इंजीनियर, स्ट्रक्चरल इंजीनियर, मैकेनिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के जॉब काफी संख्या में हैं। सऊदी सरकार ने इंजीनियरिंग में रोजगार बढ़ाने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। प्रतिष्ठानों को मदद के लिए मानव संसाधन विकास कोष एचएडीएएफ ने प्रोत्साहन और सहायता, भर्ती प्रक्रियाओं और उपयुक्त श्रमिकों की खोज, प्रशिक्षण और व्यावसायिक योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और कैरियर निरंतरता का समर्थन का फैसला लिया है। पिछले कुछ सालों में सऊदी अरब ने 2030 तक बेरोजगारी को सात फीसदी तक कम करने के लिए कई क्षेत्रों में श्रमिकों के सऊदीकरण की घोषणा की है, जो आय स्रोतों में विविधता लाने और तेल पर निर्भरता को कम करने के विजन 2030 के लक्ष्य के अनुरूप है। सऊदी सरकार के इस फैसले का सीधा असर भारतीय कामगारों पर भी होगा। सऊदी में काम करने वालों की संख्या करीब 26 लाख है। सऊदी में भारतीय करीब हर क्षेत्र में नौकरियां कर रहे हैं। इसमें ड्राइवर, सफाईकर्मी, रसोइया, नर्स के अलावा इंजीनियरिंग क्षेत्र की नौकरियां शामिल हैं। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट विजन 2030 के तहत सऊदी अरब के हर क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन कर रहे हैं। इसी क्रम में सऊदी में नौकरियों में आरक्षण का फैसला लिया गया है।

## ट्रम्प पर हमले में अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने माना हुई बड़ी चूक

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हमले से जुड़ी एक बड़ी खबर आई है जिसमें बताया गया है कि सीक्रेट सर्विस से भारी चूक हुई है। सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर किम्बरली ने माना कि ट्रम्प पर हमला दशकों में



सबसे बड़ी चूक है। संसद में अपनी पेशी के दौरान किम्बरली चिटेल ने यह बयान दिया। डोनाल्ड ट्रम्प पर हमले को रोकने दशकों में सीक्रेट सर्विस की बड़ी नाकामी है। इसकी वजह से ट्रंप घायल हो गए थे। हालांकि पहली गोली चलाने के 26 सेकंड बाद एक सीक्रेट सर्विस स्नाइपर ने हमलावर को मार गिराया था। हमले के बाद डायरेक्टर किम्बली चीटल के खिलाफ सुनवाई चल रही है। रिपब्लिकन कमिटी के अध्यक्ष जेम्स कॉमर ने कहा कि इस घटना को रोका जा सकता था। राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास के बाद राष्ट्रपति पद के स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर की सुरक्षा करने का आदेश यू.एस. सीक्रेट सर्विस' को दिया था। कैनेडी के अभियान कार्यक्रमों ने समर्थकों और उनके संदेश में रुचि रखने वाले लोगों की बड़ी भीड़ को आकर्षित किया है। बता दें पेंसिल्वेनिया में गत शनिवार को एक रैली में हुई गोलीबारी में ट्रंप बाल-बाल बच गए और उन्हें गंभीर चोट नहीं आई थी। हमले की स्वतंत्र समीक्षा की गई।



ताइवान में एक महिला सैनिकों को नदी के करीब किसी दुश्मन को रोकने के लिए बारुदी सुरंग लगाते हुए देखती हुई।

## नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को लेकर 'स्पष्ट और दृढ़', भारतीय क्षेत्रों पर दावा

### -पीएम बनते ही ओली ने उठाया सीमा विवाद का मुद्दा

काठमांडू। नेपाल के नवनियुक्त पीएम के.पी.ओली शर्मा ने कहा कि भारत के साथ सीमा से जुड़े मुद्दों को कूटनीतिक तंत्र के जरिए हल करने के लिए तैयार है और काठमांडू अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में 'स्पष्ट और दृढ़' है। प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने के एक दिन बाद सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए ओली ने कहा कि सरकार इस बात पर दृढ़ और स्पष्ट है कि 1816 की सुगौली संधि के अनुसार, लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख समेत महाकाली नदी के पूर्व में स्थित क्षेत्र नेपाल के हैं। ओली ने कहा कि संघीय संसद और नेपाल सरकार का रुख देश की अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े मुद्दों को लेकर स्पष्ट




और दृढ़ है। उन्होंने कहा कि नेपाल ने एक नया मानचित्र अपनाया है, जिसे 2017 में संविधान में दूसरे संशोधन के जरिए से शामिल किया गया है और इसके अनुलग्नक तीन में उल्लेख किया गया है और हमारी अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में अभूतपूर्व राष्ट्रीय सहमति बनी है। ओली ने 15 जुलाई को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच उच्चस्तरीय यात्राओं के दौरान हुई मुलाकातों में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तंत्र के जरिए अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े मुद्दों को सुलझाने पर सहमति बनी है। ओली ने कहा कि 4 जनवरी को आयोजित नेपाल-भारत विदेश मंत्री स्तरीय संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक के दौरान नेपाल-भारत सीमा से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई थी और नेपाल-भारत सीमा के शेष हिस्सों पर लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# चीनी भाई-भाई, इजरायल-यूएस की नाक के नीचे बीजिंग ने 17 साल पुराने 2 दुश्मनों की दोस्ती कराई

**बीजिंग (एजेंसी)।** इजरायल और फिलिस्तीन की जंग रूकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार बढ़ती ही जा रही है। इन सब के बीच चीन से ऐसी खबर सामने आई है जो अमेरिका और इजरायल दोनों की टेंशन बढ़ा सकती है। हूती की लड़ाई अलग लेवल पर पहुंच गई है तो हिज्जबुल्ला ने भी अपने हमले बहुत तेज कर दिए हैं। इजरायल के ऊपर इसका असर दिखने लगा है। कुछ वक्त पहले की बात है जब रूस में हमास और फिलिस्तीन के अन्य संगठनों की मीटिंग हुई थी। इसके पीछे का मकसद था कि जंग के खत्म होने के बाद गाजा-वेस्ट बैंक के इलाके में सारे फिलिस्तीनी मिलकर काम करे। अब हाल में ही चीन में एक मीटिंग हुई है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। चीन की इस मीटिंग में फतह, हमास और इसके अलावा 14 अलग अलग आजाद फिलिस्तीन के एक्टिव संगठन मौजूद थे। इन सारे विभिन्न संगठनों में आपस में ही गतिरोध रहा है और जिसका फायदा इजरायल को मिलता रहा है। चीन के विदेश मंत्री और हमास के अधिकारियों ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी फिलिस्तीनी गुटों हमास और फतह ने चीन की मध्यस्थता में हुई एक बैठक में इजराइल के साथ युद्ध के बाद कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा के लिए एक अंतरिम राष्ट्रीय सुलह सरकार बनाने पर सहमति व्यक्त करते हुए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

बीजिंग में तीन दिनों की वार्ता के बाद 12 अन्य फिलिस्तीनी गुटों के साथ समूहों के प्रतिनिधियों ने एकता के लिए काम करने का वादा किया। यह हमास और फतह के बीच लंबे समय से खंडित संबंधों के बीच हुए कई सुलह समझौतों में से नवीनतम है, जिनमें से किसी के भी कारण अभी तक विवाद का अंत नहीं हुआ है। इज़राइल ने वहां शत्रुता समाप्त होने के बाद



गाजा पर शासन करने में हमास या फतह की भूमिका से भी इंकार कर दिया है। गहरा विभाजन 2007 में शुरू हुआ जब फतह को क्षेत्र से हिंसक तरीके से बेदखल करने के बाद हमास गाजा में एकमात्र शासक बन गया। यह फिलिस्तीनी राष्ट्रपति और फतह नेता महमूद अब्बास द्वारा हमास के नेतृत्व वाली एकता सरकार को भंग करने के बाद आया, जब हमास ने एक साल पहले राष्ट्रीय चुनाव जीता था। तब से, फतह-प्रभुत्व वाले फिलिस्तीनी प्राधिकरण को वेस्ट बैंक के केवल कुछ हिस्सों का प्रभारी छोड़ दिया गया है।

### इजराइल-हमास युद्ध से क्या चाहता है चीन?

बीजि ा ने पहले अप्रैल में हमास और फतह के बीच वात की मेजबानी की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मा ओ निंग ने मंगलवार को कहा चीन और फिलिस्ती भरोसेमंद भाई और अच्छे साझेदार हैं। उन्होंने का । कि चीन एकता और सुलह की दिशा में सभी संबं धित पक्षों के साथ अथक प्रयास करेगा। विदेश मंत्र वांग यी का कहना है कि सुलह फिलिस्तीनी गुटों के लि ! एक आंतरिक मामला है, लेकिन साथ ही, इसे अंतर ष्ट्रीय समुदाय के समर्थन के बिना हासिल नहीं किया जा सकता है।

# कनाडा में फिर हिंदू मंदिर को निशाना बनाया... भारत विरोधी टिप्पणियां लिखी गई



**कनाडा (एजेंसी)।** कनाडा भारत विरोधी गतिविधियों का गढ़ बन चुका है। खालिस्तान समर्थकों पर कनाडा में एक्शन ना होकर उन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कड़ी में कनाडा के एडमोंटन में एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया। मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी टिप्पणियां लिख दी गई। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बताया कि बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर भारत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई। साथ ही कहा कि ग्रैफिटी के द्वारा भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य पर भी हमला किया गया।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने पोस्ट में लिखा, कनाडा के एडमोंटन में मंदिर आज सुबह एक और हिंदू मंदिर पर हमला किया गया। मंदिर पर कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के कुछ हिंदू सदस्यों में से एक के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया गया। हम इस घटना की निंदा करते हैं जो पिछले कई हमलों का ही हिस्सा है जिनमें से ज्यादातर के लिए खालिस्तान समर्थक दोषी हैं।

सांसद आर्य ने कहा है कि कनाडा में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आर्य ने कहा, एडमॉन्टन में स्वामीनारायण मंदिर में फिर से तोड़फोड़ की गई है। पिछले कुछ सालों में ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के दूसरे जगहों पर हिंदू मंदिरों को ग्राफिटी के जरिए नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

सांसद चंद्र आर्य ने कहा, जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी हिंसा फैलाने के बावजूद आसानी से बच जाते हैं। फिर से मैं इस रिकॉर्ड पर रखूंगा। हिंदू कनाडाई इससे चिंतित हैं। मैं फिर से कनाडा की कानूनी एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की गुजारिश करता हूं, इससे पहले कि ये बयानबाजी लोगों के खिलाफ शारीरिक हिंसा में तब्दील हो जाए।

## पाकिस्तानी सेना के खिलाफ कबाइलियों ने बुलाया जिरगा, ऑपरेशन का किया विरोध

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी सेना का देश में विरोध शुरू हो गया है। पश्तून कबाइलियों ने सेना के चरमपंथ विरोधी ऑपरेशन के खिलाफ आवाज उठाई है। खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) के सीएम हाउस पर कबाइलियों का जिरगा (बैठक) बुलाया गया, जिसमें कई बड़े कबाइली नेता शामिल हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जिरगा में नेताओं ने ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम का विरोध किया। इसके साथ ही पाकिस्तान को गुड तालिबान और बैड तालिबान दोनों को खत्म करने को कहा गया है। गुड तालिबान पाकिस्तान में उन तालिबानी आतंकवादियों को कहा जाता है, जिनके पाकिस्तानी सेना से अच्छे संबंध हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक जिरगा की अध्यक्षता खैबर पख्तूनख्वा के सीएम अली अमीन गंडापुर ने की। इसमें केपी के मुख्य सचिव, आईजी पुलिस, बन्नू के कमिश्नर और क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी, डिप्टी कमिश्नर ने भाग लिया। जिरगा में कबाइली नेताओं ने सीएम गंडापुर के सामने 11 मांगे रखी। उन्होंने मांग की कि तलाशी अभियान के दौरान मदरसों, घरों और व्यक्तियों के साथ अनुचित व्यवहार नहीं होना चाहिए।

जिरगा नेताओं ने कहा कि मदरसों और घरों पर रेड करना गलत होगा और इससे लोगों में गुस्सा बढ़ेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्थानीय प्रशासन को क्षेत्र में तालिबान से निपटने के लिए पूर्ण अधिकार दिए जाने चाहिए। इसके साथ ही आतंकवाद निरोधक विभाग को पूरी तरह सक्रिय करने और आतंकवादियों और आपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करने का आग्रह किया है।

पश्तूनों के विरोध का असर पाकिस्तान में दिखाई देने लगा है। लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम मिलिट्री ऑपरेशन नहीं है, बल्कि आतंकवाद विरोधी अभियान है। उन्होंने यह भी दावा किया कि एक मजबूत लॉबी नेशनल एक्शन प्लान को सफल नहीं होने देना चाहती है। उन्होंने कहा कि अज्म-ए-इस्तेहकाम की तुलना जर्ब-ए-अज्ब और राह-ए-निजात जैसे पिछले अभियानों से करना ठीक नहीं है।

# सऊदी सरकार का फैसला, अब स्थानीय लोगों को दी जाएगी नौकरी, भारतीयों पर मंडराने लगा खतरा

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब की सरकार ने नौकरियों में स्थानीय लोगों को ज्यादा मौका देने का फैसला लिया है। सऊदी अरब ने नि ी क्षेत्र में 25 फीसदी इंजीनियरिंग नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित कर दी हैं। नौकरियों को लोके इज करने का यह फैसला 21 जुलाई से लागू कर दिय गया है।

देश के मानव संसाधन और साम जिक विकास मंत्रालय, नगर निगम और आवास म त्रालय ने इस संबंध में ये फैसला किया है। स्थानी करण का ये फैसला इंजीनियरिंग व्यवसायों में पांच । उससे ज्यादा कामगारों को रोजगार देने वाले निजी प्र ष्ठानों पर लागू होगा। छोटे प्रतिष्ठानों, जिनमें कर्मचा ों की संख्या चार तक है, वहां ये नियम लागू नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ये फैसला ई क्षेत्रों में देश के पुरुष और महिला नागरिकों के लि ए रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा करेगा। सऊदी के स फैसले से स्थानीय लोगों को नौकरी मिलने में आर नी होगी। देश में केमिकल इंजीनियर, सिविल इंजी नयर, फ्लाइट इंजीनियर, स्ट्रक्चरल इंजीनियर, मैकेनि ल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के जॉब काफी स ख्या में हैं।

सऊदी सरकार ने इंजीनियरिंग में ोजगार बढ़ाने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। प्रतिष्ठा ों को मदद के लिए मानव संसाधन विकास कोष ए एडीएएफ ने प्रोत्साहन और सहायता, भर्ती प्रक्रिया ं और उपयुक्त



श्रमिकों की खोज, प्रशिक्षण और व्यावसायिक योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और कैरियर निरंतरता का समर्थन का फैसला लिया है। पिछले कुछ सालों में सऊदी अरब ने 2030 तक बेरोजगारी को सात फीसदी तक कम करने के लिए कई क्षेत्रों में श्रमिकों के सऊदीकरण की घोषणा की है, जो आय स्रोतों में विविधता लाने और तेल पर निर्भरता को कम करने के विजन 2030 के लक्ष्य के अनुरूप है।

सऊदी सरकार के इस फैसले का सीधा असर भारतीय कामगारों पर भी होगा। सऊदी में काम करने वालों की संख्या करीब 26 लाख है। सऊदी में भारतीय करीब हर क्षेत्र में नौकरियां कर रहे हैं। इसमें ड्राइवर, सफाईकर्मी, रसोइया, नर्स के अलावा इंजीनियरिंग क्षेत्र की नौकरियां शामिल हैं। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस अपने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट विजन 2030 के तहत सऊदी अरब के हर क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन कर रहे हैं। इसी क्रम में सऊदी में नौकरियों में आरक्षण का फैसला लिया गया है।

# हमारा दृष्टिकोण भविष्य पर केंद्रित है, डोनाल्ड ट्रंप का अतीत पर: हैरिस

### -मध्यम वर्ग का निर्माण मेरे राष्ट्रपति पद का एक निर्णायक लक्ष्य

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपने राष्ट्रपति पद के लिए चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। हैरिस ने विलमिंगटन, डेलावेयर में जोरदार तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप पर व्यक्तिगत हमला करते हुए ट्रम्प को धोखेबाज, जालसाज और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाला इंसान बताया है। हैरिस ने कहा कि उनका दृष्टिकोण भविष्य पर केंद्रित है जबकि ट्रंप का अतीत पर। इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन फोन द्वारा इसमें शामिल हुए।

हैरिस ने बाइडेन के स्टाफ को ही अपने अभियान में लगा लिया है। बाइडेन ने भी अपने स्टाफ से कमला हैरिस के लिए दिल से काम करने को कहा है। हैरिस के अभियान ने केवल 24 घंटे में 81 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। डेमोक्रेट उत्साहित दिख रहे हैं और पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडेन के खराब प्रदर्शन के बाद अब हैरिस के पीछे खड़े हैं। 20,000 से ज्यादा नए वालंटियर अभियान में जुड़ गए हैं। हैरिस ने अपने भाषण में एक जिला अदालत से लेकर कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल बनने तक के अपने करियर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने उन लोगों का सामना किया जो महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। ऐसे धोखेबाज जो कंज्यूमर्स को लूटते हैं, जो अपने लाभ के लिए नियम तोड़ते हैं। उन्होंने कहा मेरी बात सुनिए क्योंकि मैं डोनाल्ड ट्रंप टाइप लोगों को जानती हूं।

हैरिस ने कहा डोनाल्ड ट्रंप एक कॉलेज ट्रम्प यूनिवर्सिटी चलाते थे, जिसे छात्रों को ठगने के लिए 25 मिलियन डॉलर का भुगतान करना पड़ा। 2007-2008 के वित्तीय संकट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने बड़े वॉल स्ट्रीट बैंकों से मुकाबला किया और कैलिफोर्निया के परिवारों के लिए 20 बिलियन डॉलर जीते। उन बैंकों को धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार ठहराया। ट्रंप को हाल ही में धोखाधड़ी के 34 मामलों में दोषी पाया गया है। हैरिस ने ट्रंप के साथ मुकाबले को अमेरिका के लिए दो विपरीत धाराओं की लड़ाई के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप देश को पीछे ले जाना चाहते हैं जब हमारे साथी अमेरिकियों को पूर्ण स्वतंत्रता और अधिकार नहीं थे। हम एक ऐसे



उज्जवल भविष्य में विश्वास करते हैं जो सभी अमेरिकियों के लिए जगह बनाए। हम एक ऐसे भविष्य में विश्वास करते हैं जहां हर व्यक्ति को न केवल गुज़र-बसर करने का बल्कि आगे बढ़ने का मौका मिले। इन सबका मतलब यह है कि मध्यम वर्ग का निर्माण मेरे राष्ट्रपति पद का एक निर्णायक लक्ष्य होगा।

## रेप के आरोप में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर गिरफ्तार

सीतापुर। उप्र के सीतापुर से कांग्रेस के सांसद राकेश राठौर को बलात्कार के आरोप में बृहस्पतिवार को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। राठौर इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अपनी अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन कर रहे थे। इसी दौरान कोतवाली नगर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सांसद की गिरफ्तारी की खबर में मिलने पर काफी संख्या में उनके समर्थक कोतवाली परिसर के बाहर जमा हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, सांसद राठौर को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ इसी महीने 15 जनवरी को एक महिला से शादी का झांसा देकर बलात्कार करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि राठौर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार बलात्कार किया है। महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि राठौर पिछले चार साल से उससे शादी करने और उसे राजनीतिक करियर बनाने का झांसा देकर उससे बलात्कार कर रहे थे। इस मामले में स्थानीय अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद सांसद राठौर ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख किया था मगर वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। उसके बाद इस मामले में उनकी गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया था। एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया है कि सांसद की गिरफ्तारी उनके आवास से कोतवाली पुलिस ने की है।

## बाहुबली अनंत सिंह को जमानत के लिए करना होगा इंतजार

पटना। मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह को एमपीएमएल कोर्ट से गुरुवार को राहत नहीं मिली है। गोलीबारी कांड में सिंह को अदालत से जमानत के लिए अभी इंतजार करना होगा। सिंह की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान अदालत ने पटना पुलिस से केस डायरी मांगी है। अदालत से जमानत नहीं मिलने पर फिलहाल सिंह को जेल में ही रहना होगा। अब तय हैं कि अदालत केस डायरी को देखने के बाद ही सिंह की याचिका पर अगला आदेश देगी। पटना सिविल कोर्ट के वकील दिनकर दुबे ने कहा कि गोलीबारी के मामले में बाहुबली सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई है। अदालत ने मामले की सुनवाई कर केस डायरी की मांग की है और अगली सुनवाई केस डायरी आने के बाद होगी। पूर्व विधायक सिंह के वकील सुनील कुमार ने नियमित जमानत अर्जी एमएमएलए कोर्ट में दायर की थी। अनंत सिंह अदालत में आत्मसमर्पण करने के बाद 24 जनवरी 2025 से जेल में बंद हैं। बाढ़ से मामला स्थानांतरित होकर पटना की विशेष अदालत में आया था। छोटे सरकार' के नाम से मशहूर सिंह एक बाहुबली नेता हैं, जिन्होंने बिहार की मोकामा विधानसभा सीट का कई बार प्रतिनिधित्व किया है। उनकी पत्नी और मोकामा की मौजूदा विधायक नीलम देवी हाल ही में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) छोड़ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) में शामिल हुई थीं।

## लखनऊ में गिराए जाएंगे 81 अपार्टमेंट

लखनऊ । लखनऊ में अवैध तरीके से बने 81 अपार्टमेंट गिराए जाएंगे। इन सभी में एलडीए ने नोटिस लगा दी है। इन्हें 14 दिनों का नोटिस दिया गया है। इसके बाद गिराने का काम शुरू हो जाएगा। पहले दो अपार्टमेंट तोड़े जाएंगे। 83 अपार्टमेंट में लगभग 2,000 फ्लैट बने हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर इन्हें गिराया जा रहा है। इनका निर्माण 2002 से 2012 के बीच में हुआ था। हाईकोर्ट में वर्ष 2012 में अवैध निर्माण पर एक पीआईएल दाखिल हुई थी, जिसमें 81 बिल्डिंग अवैध बनने की रिपोर्ट दी गई थी। एलडीए ने इन अपार्टमेंट के खिलाफ उस समय सीलिंग की कार्रवाई की थी। ध्वस्तीकरण का आदेश भी था लेकिन इमारतें तोड़ी नहीं जा सकीं।

## दिहाड़ी मजदूरों ने वेतन की मांग को लेकर सीएम उमर के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

जम्मू ।जम्मू-कश्मीर के वन्यजीव विभाग के दिहाड़ी मजदूरों ने गुरुवार को बेहतर वेतन और नियमित मासिक मजदूरी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें अन्य विभागों की तुलना में कम वेतन मिल रहा है, इससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान, मजदूरों ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की, ताकि उन्हें समय पर और बेहतर वेतन मिल सके। एक प्रदर्शनकारी नेता ने बताया कि 2017 में पिछले सरकार द्वारा जारी परिपत्र में मासिक वेतन 9,300 निर्धारित किया गया था, लेकिन उन्हें केवल 2,000-3,000 प्रति माह ही मिल रहा है, जो इस मंहगाई में काफी कम है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पहले विभाग में 1,500 दिहाड़ी मजदूर थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटकर 750 रह गई है, और इनमें से किसी को भी नियमित मासिक वेतन नहीं दिया जा रहा है। वे अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, और उनके बच्चों की स्कूल फीस भी नहीं चुका पा रहे हैं।

## महाकुंभ में तैनात दारोगा की मौत, भगदड़ से नहीं तबीयत बिगड़ने से हुई

प्रयागराज। महाकुंभ में तैनात बहराइच जिले के उप निरीक्षक अंजनी कुमार राय का बुधवार को निधन हो गया। वे महाकुंभ के मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात थे। जानकारी के मुताबिक बुधवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बहराइच जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने बताया कि अंजनी कुमार राय की मृत्यु महाकुंभ में खराब तबीयत के कारण हुई। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम किया गया है और बहराइच पुलिस प्रयागराज पुलिस के संपर्क में है। परिजनों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। मृतक अंजनी राय मूल रूप से गाजीपुर जिले के रहने वाले थे और वर्तमान में बहराइच जिले में तैनात थे।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से शुरू होगा संसद का बजट सत्र

### 1 फरवरी को पेश होगा बजट, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार 8वां बजट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। संसद के बजट सत्र से पहले गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। यह बैठक संसद के एनेक्सी में आयोजित की गई। मीटिंग में आगामी केंद्रीय बजट पर केंद्र सरकार सभी दलों के साथ चर्चा की गई।

संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को पार्लियामेंट के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन 1 फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हो जाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्षी नेताओं से अपील की कि वे संसद सत्र के दौरान सहयोग करें ताकि सदन में सुचारू रूप से चर्चा हो सके।

**6 फरवरी को पीएम मोदी देंगे जवाब**

बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। इसमें नौ बैठकें होंगी। पीएम मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं। इसके बाद दोनों सदन 13 फरवरी तक स्थगित हो जाएंगे। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा जो 4 अप्रैल 2025 तक चलेगा।

**16 बिल ला सकती है सरकार**


बजट सत्र में सरकार ने वक्फ (अमेंडमेंट) बिल के अलावा तीन नए बिल को सूचीबद्ध किया है। वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी गुरुवार को अपनी रिपोर्ट स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी है। इस सत्र में बजट और वक्फ बिल सहित कुल 16 बिलों पर कार्यवाही हो सकती है। इसमें से 12 बिल 2024 के मानसून और शीतकालीन सत्र में पेश किए जा चुके हैं। वहीं बजटीय प्रावधानों के फाइनेंस बिल सहित चार नए बिल इस सत्र में पेश हो सकते हैं। इसमें प्रोटेक्शन ऑफ इंट्रेस्ट इन एयरक्राफ्ट ऑब्जैक्ट्स, त्रिभुवन यूनिवर्सिटी बिल और इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल शामिल हैं।



## हनीप्रीत को डेरे की फुल पावर देगा राम रहीम, पावर ऑफ अटॉर्नी देने की तैयारी

सिरसा। राम रहीम के डेरा सच्चा सौदा के साढ़े 7 साल बाद सिरसा स्थित हेडक्वार्टर आने की बड़ी वजह सामने आई है। डेरे के टॉप सोर्सेज के मुताबिक राम रहीम डेरे की गद्दी को लेकर चल रहे विवाद के निपटारे के लिए यहां पहुंचा है। यह विवाद पहले राम रहीम के परिवार और मुख्य शिष्या हनीप्रीत के बीच चल रहा था। जिसके बाद परिवार विदेश चला गया। अब हनीप्रीत और डेरा मैनेजमेंट कमेटी के बीच विवाद चल रहा था। सूत्रों के मुताबिक विवाद को खत्म करने के लिए राम रहीम अपनी मुख्य शिष्या और मुंहबोली बेटी हनीप्रीत को डेरे की पावर दे सकता है। इसके लिए डेरे के मैनेजमेंट से लेकर फाइनेंस वगैरह तक की पावर ऑफ अटॉर्नी हनीप्रीत को दी जा सकता है। हालांकि डेरा मैनेजमेंट फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। डेरे से जुड़े सोर्सेज के मुताबिक डेरे की गतिविधियों को लेकर किसी बात पर तुरंत फैसला लेना होता है तो उसमें काफी परेशानी होती है। इसके लिए डेरा मैनेजमेंट कमेटी को राम रहीम के पैरोल पर आने का इंतजार करना पड़ता है। ज्यादा देरी होने पर डेरा कमेटी को जेल में राम रहीम से मिलना पड़ता है। हालांकि इसमें उन्हें काफी परेशानी होती है। हनीप्रीत को राम रहीम का सबसे करीबी और राजदार माना जाता है। ऐसे में डेरे में आंतरिक तौर पर भी यह चर्चा है कि हनीप्रीत को डेरे की कमान सौंपी जा सकती है।

## राम मंदिर दर्शन को अयोध्या पहुंची लाखों की भीड सात दिनों में 18 लाख लोग पहुंचे राम मंदिर



**अयोध्या (एजेंसी)।** प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने अयोध्या का रुख किया है। यही वजह है कि यहां लाखों की संख्या में रोज श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रामलला के दरबार में भक्तों की भीड़ को देखते हुए कि राममंदिर ट्रस्ट को व्यवस्थाएं बदलनी पड़ी। बीते सात दिनों में रामलला के दरबार में 18 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद सात दिनों में करीब 16 लाख श्रद्धालु आए थे।

बीती 26 से 29 जनवरी के बीच औसतन रोजाना तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर खुल रहा है। इससे पहले मंदिर सुबह सात बजे से रात 9:30 बजे तक खुलता था। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि राममंदिर इन दिनों रोजाना 18 घंटे खुल रहा है। भीड़ नियंत्रण के लिए गेट नंबर तीन को भी खोल दिया गया है। अब श्रद्धालुओं की निकासी रामजन्मभूमि पथ के बजाय गेट नंबर तीन से ही हो रही है। एटीएस, सीआरपीएफ, पीएसी, पुलिस के जवान राममंदिर की सुरक्षा में लगे हैं। हाईटेक कंट्रोल रूमें से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। लाउड स्पीकार के माध्यम से श्रद्धालुओं को हर सुविधा की निरंतर जानकारी दी जा रही है। खोया पाया कैंप भी परिसर में स्थापित किया गया है। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि ट्रस्ट के 200 स्वंय सेवक श्रद्धालुओं की सेवा में लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं को पानी भी पिलाया जा रहा है। तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में बीमार श्रद्धालुओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। ट्रस्ट की टीम 24 घंटे व्यवस्थाओं की मानीटरिंग कर रही है।

## मनोज जरांगे करेंगे अनशन खत्म, अब बनाएंगे अलग रणनीति

### बोले- मैं सीएम देवेंद्र फडणवीस को चैन से नहीं बैठने दूंगा

**मुंबई (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन आज यानी गुरुवार को खत्म कर देंगे। उन्होंने आरक्षण की मांग को आगे बढ़ाने के लिए एक अलग रणनीति पर अमल करने का फैसला लिया है। जरांगे के अलावा महिलाओं समेत 104 कार्यकर्ताओं ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर 25 जनवरी से भूख हड़ताल शुरू की थी।

मनोज जरांगे ने आरक्षण के अलावा बीड जिले के मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में शामिल लोगों के लिए मौत की सजा की मांग की है। संतोष देशमुख का 9 दिसंबर 2024 को अपहरण कर उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई थी। मनोज जरांगे ने बुधवार रात कहा कि वह गुरुवार को अनशन वापस लेंगे, क्योंकि इसे आगे बढ़ने के लिए एक अलग रणनीति अपनाने का फैसला किया है।

सरकार को यह साफ करना चाहिए कि क्या उसका मराठा समुदाय को आरक्षण देने का इरादा है। मनोज जरांगे ने



महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस पर मराठा समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह सीएम फडणवीस से शाम तक अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था लेकिन वह चुप रहे। मेरा अनशन इस बात से पर्दा उठाने के लिए था कि वास्तव में इस मुद्दे का समर्थन कौन करते हैं और कौन नहीं।

जरांगे ने कहा कि मैं सीएम को चैन से नहीं बैठने दूंगा। मराठा समुदाय अब जानता है कि गलती किसकी है। सत्ता में आने के बाद फडणवीस ने मराठों को धोखा दिया और आरक्षण के मुद्दे पर चुप रहे लेकिन मैं उन्हें नहीं छोड़ूंगा। महाराष्ट्र के अधिकारियों के मुताबिक इससे पहले दिन में बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद उन्होंने नसों के जरिए से तरल पदार्थ लेने से इनकार कर दिया था। अनशन के पांचवें दिन उनकी सेहत बिगड़ गई। मनोज जरांगे ने लोगों के अनुरोध पर सोमवार रात को थोड़ा पानी पीना स्वीकार किया था। वह मंगलवार को भी संतोष देशमुख के परिवार के अनुरोध के बाद पानी पीने के लिए राजी हुए थे।

मनोज जरांगे उस मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसमें कुनबी समुदाय को मराठा समुदाय के सदस्यों के 'सगे सोयरे' यानी रक्त संबंधी माना है ताकि उन्हें ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण दिया जा सके। जरांगे ने शनिवार को उम्मीद जताई थी कि सीएम फडणवीस मराठा समुदाय की मांगों को मानेंगे। यह एक सितंबर 2023 के बाद से उनका सातवां अनिश्चितकालीन अनशन है। उस समय पुलिस ने अंतरवाली सराटी में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था।

## तिहाड़ में तैयारी: तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए अमेरिका जाएगी एनआईए की टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। आज गुरुवार को एनआईए की टीम राणा को लाने के लिए अमेरिका रवाना होगी। इधर तिहाड़ जेल में राणा को रखने की भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एनआईए ने गृह मंत्रालय को अधिकारियों के नाम सौंपे हैं और विदेश मंत्रालय को भी सूचित किया है। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि एनआईए टीम वर्तमान में अमेरिकी अधिकारियों के साथ कॉर्डिनेट कर रही है। यह टीम विदेश मंत्रालय से यात्रा की अंतिम पुष्टि का इंतजार कर रही है। इस टीम में आईजी, डीआईजी रैंक के अधिकारी



शामिल हैं, जो तहव्वुर राणा की भारत वापसी की निगरानी करेंगे।

इस बीच दिल्ली जेल विभाग ने तिहाड़ जेल में उनकी हेरासत के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। भारत आने के बाद आतंकी राणा को एक उच्च-सुरक्षा वार्ड में रखा जाएगा, जहां उसके सेल में उसकी गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। उसके ऊपर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने का आरोप है, जिसमें 166 लोग मारे गए थे। इस मामले में वह दोषी करार है। उसे पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जोड़ा गया था, जो हमले के मास्टरमाइंड में से एक था। आतंकी राणा के प्रत्यर्पण को उसके कानूनी चुनौतियों के खारिज होने के बाद मंजूरी दी गई, जिसमें अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को उनकी याचिका को खारिज कर दिया। अमेरिकी सरकार ने तर्क दिया कि राणा को प्रत्यर्पण से राहत नहीं मिलनी चाहिए। अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ बी प्रेलोगर ने कहा कि राणा को इस मामले में कोई और कानूनी उपाय नहीं मिलना चाहिए।

## 24 हफ्ते तक के गर्भपात के लिए कोर्ट की अनुमति जरूरी नहीं

### -दुष्कर्म पीड़िता के मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि दुर्व्यवहार पीड़िताओं के लिए 24 हफ्ते तक के गर्भपात (एमपीटीपी) के लिए कोर्ट की अनुमति की जरूर नहीं। यह फैसला एक दुष्कर्म पीड़िता के मामले में दिया गया, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। कोर्ट ने एमपीटीपी के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। अगर गर्भकाल 20 हफ्ते या उससे कम है तो एक रजिस्टर्ड डॉक्टर एमपीटीपी कर सकता है। 20 से 24 हफ्ते के बीच के गर्भकाल के लिए दो रजिस्टर्ड डॉक्टरों की जरूरत होगी। 24 हफ्ते से ज़्यादा के गर्भपात मामलों में ही हाईकोर्ट का अधिकार क्षेत्र आता है, जो कानूनी तौर पर प्रतिबंधित है।

न्यायमूर्ति विशाल धगत की पीठ ने यह दिशा-निर्देश दिए। यह मामला एक दुर्व्यवहार पीड़िता का था, जिसका गर्भ 6-7 हफ्ते का था। कोर्ट ने कहा कि संबंधित थाने का एसएचओ पीड़िता की गर्भावस्था की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उसे ज़िला अदालत भेजेगा ताकि वे जल्द अपनी रिपोर्ट जमा कर सकें। यह रिपोर्ट इस बारे में होगी कि पीड़िता का गर्भपात किया जा सकता है या नहीं।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि जिला अदालत मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़िता और उसके माता-पिता को सूचित करेगी। साथ ही सीधे नजदीकी हाईकोर्ट रजिस्ट्री को रिपोर्ट करेगी। रजिस्ट्री इसे एक रिट याचिका के रूप में दर्ज करेगी और मामले को तुरंत सूचीबद्ध करेगी ताकि गर्भपात के संबंध में बिना देरी के आदेश दिया जा सकें। हाईकोर्ट के आदेश में यही लिखा है। इस मामले में अदालत ने देखा कि भ्रूण 6-7



हफ्ते का है। इसलिए एमटीपी मेडिकल कॉलेज में किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि आदेश की एक प्रति महाधिवक्ता के कार्यालय, महानिबंधक और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रमुख सचिव को अनुपालन के लिए भेजा जाए। इस फैसले से दुर्व्यवहार पीड़िताओं के तुरंत मदद मिल सकेगी।

## सीएम मान के आवास पर दिल्ली पुलिस की रेड, आतिशी ने जताया विरोध

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस पर छापा मारा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि बीजेपी कार्यकर्ता खुलेआम पैसे, जूते और चद्दर बांट रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इसके विपरीत, एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर पुलिस की रेड की जा रही है। आतिशी ने कहा, कि दिल्ली की जनता आगामी 5 फरवरी को इस कार्रवाई का जवाब देगी।

यहां आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग की एक टीम तलाशी के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवान मान के दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस आवास पर पहुंची है। यहां बताते चलें कि बुधवार को दिल्ली पुलिस ने पंजाब सरकार' के स्टिकर लगा एक वाहन पकड़ा था। वाहन में कैश, शराब और आम आदमी पार्टी (आप) के पर्चे होने की बात कही गई हैं। पुलिस ने इस पर मामला दर्ज कर जांच शुरु की है। इससे संबंधित जानकारी एक अधिकारी ने मीडिया को दी है। उक्त आधिकारिक सूत्र का कहना है कि चुनाव आयोग के पोर्टल के माध्यम से एक शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कपूरथला हाउस से नकद राशि वितरित की जा रही है। इसी आधार पर जांच करने के लिए पुलिस की एक टीम वहां पहुंची।

बताया गया है कि चुनाव आयोग की फ्लाइंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) ने मामले की जांच करने के लिए 03 लोगों को अंदर जाने की अनुमति मांगी है। इस टीम में एक कैमरापर्सन और दो चुनाव अधिकारी शामिल हो सकते हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडेय ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने के बाद एफएसटी टीम भेजी गई थी, लेकिन उन्हें अंदर प्रवेश नहीं मिला। इसलिए मैं स्वयं यहां पहुंचा हूं। हमें इस शिकायत को 100 मिनट के भीतर निपटाना होता है। हमारी टीम जांच कर जल्द ही लौट जाएगी।

**राजनीतिक विवाद गहराया**

इस घटना के बाद दिल्ली की राजनीतिक गलियारे में हलचल पैदा हो गई है। मुख्यमंत्री आतिशी के इस दावे के बाद आप और बीजेपी के बीच टकराव और बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग का अभियोग एक रणनीतिक भूल

### -फोर्ब्स लेख में कहा- अमेरिका अपनी भू-राजनीतिक स्थिति को कर रहा कमजोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अरबपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) का अभियोग एक रणनीतिक भूल है। इसके गंभीर भू-राजनीतिक परिणाम होंगे। भारत में एक दूरगामी अभियोग के साथ अमेरिका पश्चिम के गठबंधनों को नुकसान पहुंचाता है। यह बात फोर्ब्स में कही। एक लेख में लेखक मेलिक कायलन ने तर्क दिया कि अभियोग, जिसमें रिश्वतखोरी और वित्तीय गलतबयानी का आरोप लगाया गया है। ऐसे समय में भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचाने का जोखिम है, जब चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए वाशिंगटन एक मजबूत गठबंधन की तलाश कर रहा है।

लेख में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भारत पश्चिम के लिए एक अहम भागीदार है, खासकर भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी पहलों में एक परिवर्तनकारी बुनियादी ढांचा परियोजना, जिसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल को टक्कर देने के लिए बनाया गया है, लेकिन न्याय विभाग की कार्रवाई एक मोड़ पर आर्थिक सहयोग और विश्वास को कमजोर करती है, जो संभावित रूप से भारत को रूस और चीन के करीब ले जाती है।

फोर्ब्स के मुताबिक ऐसा करके अमेरिका अनजाने में अपनी भू-राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर रहा है, जिससे उसके प्रतिद्वंद्वी अपने प्रभाव को मजबूत कर रहे हैं। लेख में तर्क दिया गया है कि यह अभियोग पश्चिमी अतिक्रमण का एक और उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहां अमेरिकी सीमा-पार कानूनी कार्रवाइयां वैश्विक साझेदारी को बाधित करती हैं।

लेख में चिंता जताते हुए कहा गया है कि ऐसे कदमों से अमेरिका और यूरोप अपने सहयोगियों को कमजोर कर रहे हैं और उनके विरोधी आर्थिक, सैन्य और तकनीकी रूप से आगे बढ़ रहे हैं। लेखक ने साफ कहा है कि वे बीजिंग में हंस रहे होंगे। सारांश के रूप में लेख में कहा गया अडानी के खिलाफ न्याय विभाग की कार्रवाई न केवल एक कानूनी निर्णय है, बल्कि एक कूटनीतिक गलत अनुमान है, जो ऐसे समय में भारत को अलग-थलग करने का जोखिम उठाता है, जब वैश्विक स्थिरता के लिए पश्चिम के साथ उसका गठबंधन अहम है।

